

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 23 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष -6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-294 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







# रायपुर पुलिस कमिश्नर के हवाले

## संजीव शुक्ला ने संभाला पहले पुलिस आयुक्त का पदभार

रायपुर,23 जनवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज से पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हो गई है. रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर आईपीएस डॉ. संजीव शुक्ला ने आज पदभार ग्रहण किया. जीई रोड स्थित नए कमिश्नर कार्यालय में उन्होंने ज्वाइनिंग दी. इस दौरान सभी एसीपी, डीसीपी समेत आलाधिकारी मौजूद रहे.

अपराध नियंत्रण प्राथमिकता

रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने कहा है कि यातायात व कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण उनकी प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग शहरों की अलग-अलग चुनौतियां होती है। राजधानी रायपुर की अलग चुनौतियां हैं। जिन अधिकारियों की रायपुर में पद स्थापना की गई है वह बहुत कुशल हैं। हमारी प्राथमिकता होगी अपराध पर पूरी तरह नियंत्रण हो।


**दो बार राष्ट्रपति मेडल से हो चुके हैं सम्मानित** -सीआईडी के प्रमुख अधिकारी के रूप में डॉ. संजीव शुक्ला भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं. उन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रपति मेडल से सम्मानित किया गया है. डॉ. संजीव शुक्ला को राष्ट्रपति द्वारा दिए जाने वाले पुलिस पदक दो अलग-अलग श्रेणियों में दो बार साल 2010 व साल 2022 में मिले हैं.

**21 शहरी थाने कमिश्नरेट में शामिल**-अधिसूचना के अनुसार रायपुर नगर पुलिस जिले के तहत आने वाले 21 थाना क्षेत्रों को कमिश्नरेट सीमा में शामिल किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से– 1. सिविल



लाइन2. देवेंद्र नगर3. तेलीबांधा4. कोतवाली5. गंज6. मौदहा पारा थाना7. गोल बाजार8. पुरानी बस्ती9. डी.डी. नगर10. आमा नाका11. आजाद चौक12. सरस्वती नगर13. कबीर नगर14. राजेंद्र नगर15. मुजगहन16. टिकरापारा17. उरला (नगर निगम क्षेत्र में आने वाला भाग)18. खमतराई19. गुढ़ियारी20. पंडरी21. खम्हारडीह। इन सभी थाना क्षेत्रों की कानून-व्यवस्था अब सीधे पुलिस आयुक्त के अधीन होगी।

मजिस्ट्रेटी अधिकार भी सौंपे गए-अधिसूचना के अनुसार पुलिस आयुक्त को दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कई मजिस्ट्रेटी अधिकार दिए गए हैं, जिनमें प्रमुख हैं. धारा 144 लागू करने का अधिकार* जुलूस, धरना और सार्वजनिक सभाओं की अनुमति या प्रतिबंध* निषेधाज्ञा और प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करना* आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेनापहले ये अधिकार जिला कलेक्टर और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के पास होते थे।पुलिस कमिश्नर को मिलेंगे ये प्रमुख अधिकारपुलिस कमिश्नरी सिस्टम के तहत पुलिस कमिश्नर को विभिन्न कानूनों के अंतर्गत व्यापक अधिकार प्रदान किए गए हैं—कैदी अधिनियम, 1900 – विशेष परिस्थितियों में बंदियों को अल्प अवधि के लिए पैरोल पर रिहा करने का अधिकार.छत्तीसगढ़ पुलिस अधिनियम, 2007 – धरना, प्रदर्शन, जुलूस व सभाओं की अनुमति तथा निषेधाज्ञा लागू करने का अधिकार.विष अधिनियम, 1919 – अवैध जहर भंडारण या बिक्री पर तलाशी वारंट जारी करने की शक्ति.जेल अधिनियम, 1894 – जेलों की सुरक्षा व्यवस्था व बंदियों से जुड़े मामलों पर कार्रवाई.अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 – देह व्यापार से जुड़े मामलों में छापेमारी व जांच के आदेश.गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम, 1967 – प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ी संपत्तियों के प्रबंधन का अधिकार.राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 – असामाजिक तत्वों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई.मोटर वाहन अधिनियम, 1988 – यातायात संचालन, मार्ग निर्धारण और भारी वाहनों पर नियंत्रण.राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA), 1980 – सार्वजनिक व्यवस्था या आंतरिक सुरक्षा पर खतरे की स्थिति में निरुद्ध करने का अधिकार.ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 – जासूसी की आशंका पर संवेदनशील सूचनाओं की जांच.विस्फोटक अधिनियम, 1884 एवं पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 – विस्फोटक व ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण, परिवहन और उपयोग पर नियंत्रण.



# 'पुष्पा' स्टाइल में सागौन की तस्करी

## तांदुला नदी में बहकर आ रही लकड़ी को वन विभाग ने किया जब्त

**बालोद,23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सागौन तस्करी का मामला एक बार फिर सामने आया है. वन विभाग ने तांदुला नदी के किनारे से कीमती सागौन के 21 बड़े-बड़े गोले बरामद कर जब्त किए हैं. बताया जा रहा है कि लकड़ी तस्कर फिल्म पुष्पा की तर्ज पर नदी के रास्ते सागौन की लकड़ी को बहाकर ले जाने की तैयारी में थे. मामला वन क्षेत्र हर्रा-ठेमा का बताया जा रहा है, जहां किसी लकड़ी ठेकेदार द्वारा पहले से सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई कर गोले तैयार कर रखे गए थे. इसके बाद तांदुला नदी के सहारे इन्हें बालोद तक पहुंचाने की योजना थी. हालांकि, वन विभाग की सतर्कता से पहले ही लकड़ी को जब्त कर लिया गया और प्रकरण दर्ज किया गया है. इस कार्रवाई के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं. जिले में पहले भी विभागीय अधिकारियों पर पद के दुरुपयोग और अवैध गतिविधियों के आरोप लगते रहे हैं, जिससे इस मामले में मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है. वहीं पूरे मामले पर डीएफओ अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि तांदुला नदी में बहकर आए सागौन के 21 गोले जब्त किए गए हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के सभी बीटों में सघन जांच के आदेश दिए गए हैं. वन विभाग का कहना है कि दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

# 9 हार्डकोर नक्सलियों ने किया सरेंडर

**धमतरी,23 जनवरी**

जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान को आज एक बड़ी और निर्णायक सफलता मिली है। आईजी अमरेश मिश्रा और धमतरी एसपी सूरज सिंह परिहार के समक्ष आज एक साथ 9 सक्रिय हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में 05 महिला और 04 पुरुष नक्सली शामिल हैं। ये सभी लंबे समय से सीतानदी क्षेत्र सहित नगरी, मैनपुर और गोबरा इलाकों में सक्रिय थे और कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली प्रतिबंधित संगठन ओडिशा स्टेट कमेटी के धमतरी–गरियाबंद–नुआपाड़ा डिवीजन से जुड़े हुए थे और संगठन में डीवीसीएम, एसीएम, एसडीके एरिया कमेटी कमांडर एवं डिप्टी कमांडर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं। इन सभी नक्सलियों पर कुल 47 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण के दौरान नक्सलियों ने बड़ी संख्या में हथियार और सामग्री भी सुरक्षा बलों को सौंपी।

**इन नक्सलियों ने किया सरेंडर**-ज्योति उर्फ जैनी उर्फ रेखा डीव्हीसीएम सीतानदी एरिया कमेटी सचिव, 08 लाख के इनामी उषा उर्फ बालम्मा डीव्हीसीएम टेक्निकल (डीजीएन), 08 लाख के इनामी रामदास मरकाम उर्फ आयता उर्फ हिमांशु, पूर्व गोबरा एलोएस कमांडर / वर्तमान नगरी एसीएम, 05 लाख के इनामी रोनी उर्फ उमा सीतानदी एरिया कमेटी कमांडर, 05 लाख के इनामी निरंजन उर्फ पोदिया सीनापाली एससीएम टेक्निकल (डीजीएन), 05 लाख के इनामी सिंधु उर्फ सोमड़ी एसीएम, 05 लाख के इनामी रीना उर्फ चिरो एसीएम सीनापाली एरिया कमेटी / एलजीएस, 05 लाख के इनामी अमीला उर्फ सन्नी एसीएम / मैनपुर एलजीएस, 05 लाख के इनामी लक्ष्मी पूनेम उर्फ आरती उषा की बॉडी गार्ड, 01 लाख के ईनामी.

**नक्सलियों ने सौंपा ये हथियार**-इंसास राइफल – 02 एसएलआर राइफल – 02 कार्बाइन – 01 भरमार बंदूक – 01 कुल राउंड – 67 मैगजीन – 11 वॉकी-टॉकी (रेडियो सेट) – 01 अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री

**पुलिस दबाव और पुनर्वास नीति का दिखा असर**-धमतरी पुलिस, डीआरजी, राज्य पुलिस बल और सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे निरंतर नक्सल विरोधी अभियानों, बढ़ते दबाव और शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन नक्सलियों ने हिंसा और विनाश का रास्ता छोड़ने का फैसला किया। पुलिस द्वारा दूरस्थ नक्सल प्रभावित गांवों में पोस्टर, बैनर, पाम्फलेट, आत्मसमर्पित नक्सलियों की अपील और सिविक एक्शन कार्यक्रमों के जरिए लगातार संदेश पहुंचाया जा रहा था। युवाओं को जोड़ने के लिए खेल प्रतियोगिताएं भी कराई गईं, जिसका सकारात्मक असर दिखा।



**खोखली विचारधारा से हुआ मोहभंग**-आत्मसमर्पित नक्सलियों ने बताया कि संगठन की खोखली विचारधारा, जंगलों में लगातार कठिन जीवन, शासन की पुनर्वास सुविधाएं और पहले आत्मसमर्पण कर चुके साथियों के सुरक्षित व खुशहाल जीवन से प्रेरित होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। नगरी एरिया कमेटी, सीतानदी एरिया कमेटी, मैनपुर एलजीएस और गोबरा एलओएस के इन सक्रिय नक्सलियों के आत्मसमर्पण में धमतरी पुलिस, डीआरजी, राज्य बलों और केंद्रीय सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई और रणनीति की अहम भूमिका रही। आईजी अमरेश मिश्रा ने कहा, जिले को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में अभियान लगातार जारी रहेगा। अन्य सक्रिय माओवादियों से भी आत्मसमर्पण की अपील की जा रही है।

# स्कॉर्पियो-बोलेरो की टक्कर में पति-पत्नी की मौत, 12 घायल

**कांकेर,23 जनवरी।** नेशनल हाईवे 30 में देर रात पालिटेक्निक कालेज के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बोलेरो में जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिसमें बोलेरो सवार पति पत्नी की मौत हो गई, जबकि अन्य 12 लोग घायल हो गए है, सभी घायलों को कांकेर मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है, बताया जा रहा है कि सभी कोंडागांव जिले से बलौदा बाजार धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब स्कॉर्पियो के अंदर का



नजारा देखा तो पुलिस के भी होश उड़ गए, स्कॉर्पियो पूरी तरह शराब की बोतलों से भरी हुई थी, जिसका आंकलन करने के बाद करीब एक लाख की शराब बताई जा रही है। हादसे के बाद स्कॉर्पियो का चालक फरार है, वाहन के नंबर के आधार पर पुलिस गाड़ी मालिक और चालक की पतासाजी में जुटी हुई है। शराब मध्य प्रदेश की बताई जा रही है जिसे बस्तर के इलाके में खपाने की तैयारी थी लेकिन उसके पहले ही हादसे का शिकार हो गई और अवैध शराब तस्करी का भांडा भी फूट गया है। एसडीओपी मोहसिन खान ने बताया कि चालक और गाड़ी मालिक के बारे में पता लगाया जा रहा है, वही घायलों का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। पुलिस अपराध दर्ज कर आगे की जांच में जुटी हुई है।

# पुलिस की सुस्ती के खिलाफ तहसीलदार आमरण अनशन पर

**सारंगढ़,23 जनवरी।** कोरबा में पदस्थ तहसीलदार बंदे राम भगत खुद न्याय की मांग को लेकर सिटी कोतवाली थाने के सामने आमरण अनशन पर बैठ गए हैं. विडंबना देखिए कि जो अधिकारी दिन-रात लोगों की समस्याओं का समाधान करता है और न्याय व्यवस्था का हिस्सा है, उसे अपने ही बेटे के साथ हुई बर्बरता के लिए थाने की चौखट पर भूखा-प्यासा बैठना पड़ रहा है। मामला 20 जनवरी का है, जब तहसीलदार के पुत्र राहुल भगत के साथ सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर के गनमैन हरिशचंद्र गुमान द्वारा भारत माता चौक पर कथित तौर पर गाली-गलौज और मारपीट की गई। मारपीट इतनी गंभीर थी कि राहुल के कान का पर्दा फट गया है। इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत भी दी गई, लेकिन सत्ता और रसूख के दबाव में पुलिस ने 48 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। तहसीलदार बंदे राम भगत का आरोप है कि वे थाने में बैठे रहे, लेकिन पुलिस अधिकारी केवल फाइल को इधर-उधर घुमाते रहे। उन्होंने थाना प्रभारी को 8-




10 बार फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझा। जब एक बार बात हुई, तो वहां भी सिर्फ टालमटोल भरा जवाब मिला। जांच अधिकारी से लेकर आरक्षक तक, कोई भी संतोषजनक जवाब देने की स्थिति में नहीं था।

# किसान ने जमा की विलुप्त होती धान की 290 देसी किस्में

**कोंडागांव,23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन बस्तर जैसे आदिवासी अंचल में हाईब्रिड खेती के बढ़ते चलन से पारंपरिक देसी धान की किस्में विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई हैं. ऐसे में कोंडागांव के किसान शिवनाथ यादव और उनकी 'धरोहर समिति' ने उम्मीद की मजबूत मिसाल पेश की है. करीब 25 वर्षों की निरंतर मेहनत से शिवनाथ यादव ने धान की 290 देसी व विलुप्त होती किस्मों को सहेजा है, जबकि 44 किस्मों पर शोध अभी जारी है. धरोहर समिति का उद्देश्य साफ है कि विलुप्त होती देसी धान की किस्मों को बचाना और किसानों को रासायनिक खेती छोड़कर पारंपरिक देशी खेती के लिए प्रेरित करना है. इससे न केवल मिट्टी को बंजर होने से बचाया जा सकता है, बल्कि उसकी उर्वरता शक्ति भी बढ़ती है. बीते 25 वर्षों में समिति का यह प्रयास काफी हद तक सफल भी हुआ है. यह काम केवल बीज संग्रहण तक सीमित नहीं, बल्कि पारंपरिक ज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और किसानों के अधिकारों से जुड़ा एक व्यापक आंदोलन बन चुका है. देसी बीजों के संरक्षण की प्रेरणा शिवनाथ यादव को मुंबई की स्वयंसेवी संस्था 'रूरल कम्यूनस' के संस्थापक स्व. मुन्नीर से मिली. इसी प्रेरणा के साथ वर्ष 1995 में कोंडागांव के गोलावंड में किसानों का समूह बनाकर 'धरोहर समिति' की स्थापना की गई. तब से लेकर आज तक यह समिति देसी बीजों के संरक्षण और संवर्धन में जुटी हुई है.

धरोहर समिति के उल्लेखनीय कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली. पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार प्राधिकरण, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2016 में धरोहर समिति को प्रशस्ति पत्र के साथ 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई.

धरोहर समिति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह बीजों का व्यापार नहीं करती. शिवनाथ यादव और उनका समूह बीजों की अदला-बदली करता है और किसानों को स्वयं बीज उत्पादन के लिए



प्रेरित करता है. पारंपरिक ज्ञान के साथ कृषि वैज्ञानिकों के सहयोग से देसी किस्मों का संरक्षण किया जा रहा है ''पहले किसान जमीन की प्रकृति के अनुसार अलग-अलग किस्म का धान बोते थे. गोबर की खाद और प्राकृतिक तरीकों से कीट नियंत्रण होता था. आज अधिक उत्पादन की होड़ में रासायनिक खाद और दवाओं का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जिसका असर पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों पर पड़ रहा है.''

# केरल में बदलाव होकर रहेगा : मोदी

तिरुवनंतपुरम,23 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केरल और तमिलनाडु के दौरे पर हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केरल के तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के लिए यहाँ पहुंचे हुए है. उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड भी लॉन्च किया और एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि लोन बांटे. इसके साथ ही उन्होंने आज तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों और एक त्रिशूर और गुरुवायूर के बीच एक नई पैसेंजर ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई. इस दौरान उन्होंने मौजूदा वामपंथी सरकार पर जोरदार हमला बोला. पीएम मोदी ने विजयन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, केरल में बदलाव होकर रहेगा.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरकोइल-मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम-तंबरम और तिरुवनंतपुरम-चारलापल्ली मार्गों पर तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएम मोदी ने ने त्रिशूर और गुरुवायूर के बीच एक नई यात्री ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।

# गीता ही कृष्ण है ,कृष्ण ही गीता है: देवी गरिमा शर्मा

उतई,23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

तेली गुण्डरा में सांस्कृतिक कला मंच में आयोजित धनेश्वर साहू श्रीमती नन्दनी साहू एवं परिवार दुवारा चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे। भगवान के जयकारों और भक्ति-भाव के माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन पिछले नौ दिनों से चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने आए। श्रीमद् भागवत कथा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आनंदमय वातावरण से भर दिया। उन्होंने सबका आभार व्यक्त किया।श्रद्धालुओं ने भगवान से अपने परिवार और समाज के कल्याण की प्रार्थना की। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक संत निरंजन महाराज जी ने कहा की महाभारत युद्ध में भी गीता जी का प्राकटय हुआ कर्मयोग भक्ति योग ज्ञान योग का संदेश गीता में है।जीवन संग्राम में विजय पाने के लिए गीता माता के शरण में होना होगा। गीता के अठारह अध्याय में योगों वर्णन है।

योग का तात्पर्य हमें गीता से प्राप्त होता है कालान्तर में बड़े-बड़े महाऋषि संत मिलकर तय किये विश्व का सबसे बड़ा दर्शन है गीता सबसे अधिक भाषाओ में अनुवादित है गीता धर्म को सदैव बड़ा मानने वाले पाण्डवों ने धर्म के पक्ष में खड़े होकर विजयी हुए धृतराष्ट को मोह और दुर्योधन की दृस्टिता महाभारत के युद्ध के कारण बना। धृतराष्ट्र नीति का कभी समर्थन नहीं किया।मोह और स्वार्थ से पीड़ित व्यक्ति को नीति धर्म कभी अच्छा नही लगता अधर्म और अनीति पथ में चढ़ने वाले व्यक्ति सम्पन्न दिखता हैं लेकिन अन्दर से अशांत, भयभीत और असन्तुष्ट रहता है और सदा कमजोर रहता है। शुभाशुभ कर्म के फलस्वरुप व्यक्ति दुःख और सुख भोकता है जीवन मात्र के कर्मो के फल स्वरूप ही जीवन मिलता है।

देवी गरिमा शर्मा जी ने कथा में आगे बताया की निरंतर फल की इच्छा रखने वाले स्वार्थ और मोह से ऊपर उठकर परमात्मा का चिन्तन करना चाहिए। श्रद्धा एवं भक्ति से जीवन जीकर फल लिए निश्चिंत रहना चाहिए। और निश्वित जीवन व्यतीत करना चाहिए। सांसारिक सुखों का मन से त्याग और व्यवहारिक जीवन आध्यात्म को स्थान देकर सुखमय जीवन व्यतीत कर सकते हैं। सामाजिक समरसता, स्नेह और सदभावना ही गीता जी का संदेश है युद्ध के मैदान में रहकर भी अर्जुन निर्भीक, निश्चीत और शांत रहे। जीवन रथ का बागडोर परमात्मा के हाथों में छोडकर सम्पूर्ण जीवन को रसमय बनाकर उत्साह पूर्वक जीवन जीयें यही गीता जी का संदेश है। विवेकानंद जी कहते थे निस्वार्थ है वह ही धर्म की कसौटी है जो जितना निस्वार्थी है वह उतना ही बड़ा धर्मत्मा है।इस भागवत कथा में समस्त ग्रामवासी, परिवार जनों सहित सैकड़ो संख्या में श्रोता गण मौजूद थे।

## एक नजर

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला बंदी

**भिलाई,23 जनवरी.** पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है पुलिस के मुताबिक आरोपी द्वारा एक महिला के साथ छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत पीड़िता ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74 व 126 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था शिकायत दर्ज कराते ही पुलिस ने आरोपी संतोष हरपाल 50 वर्ष निवासी रायपुर नाका को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले से ही तीन शादी कर चुका है.

### बाइक चोर पकड़ाया

**भिलाई,23 जनवरी।** जामुल थाने पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के मामले में न्यू खुर्सीपार निवासी आरोपित प्रद्युम महाराणा को गिरफ्तार किया है हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी प्रार्थी सोनू यादव ने




जामुल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी स्कूटी घर के सामने खड़ी थी जिसे अज्ञात आरोपित चोरी कर ले गया पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति तिरंगा चौक छावनी के पास चोरी की स्कूटी व मोटर साइकिल बेचने की फिराक में खड़ा है सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम प्रद्युम महाराणा बताया आरोपित ने हाउसिंग बोर्ड भिलाई सेक्टर-6 भिलाई, पलारी डोंगरगढ़ व नागपुर क्षेत्रों से दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया

### यातायात पुलिस ने जांच अभियान चलाया

**भिलाई,23 जनवरी।** यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा के स्कूल छुट्टी के समय केपीएस स्कूल नेहरू नगर दुर्ग के पास विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यह पाया गया कि कुछ नाबालिग छात्र-छात्राएं मोटर वाहन अधिनियम का



उल्लंघन करते हुए दोपहिया वाहन चला रहे थे जांच में बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बिना हेलमेट, बिना वाहन पंजीयन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाने के प्रकरण सामने आए उक्त प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 4/181 (नाबालिग द्वारा वाहन संचालन), 5/180 (वाहन स्वामी की जिम्मेदारी), 129 (हेलमेट न पहनना) तथा 39/192 (अपंजीकृत वाहन का संचालन) के अंतर्गत कुल 25 वाहन स्वामियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए 62,500 रुपये की राशि का ई-चालान किया गया अभियान के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि जिन नाबालिगों द्वारा वाहन चलाए जा रहे थे, उनके अभिभावकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 5/180 के अंतर्गत उत्तरदायित्व तय करते हुए ई-चालानी कार्रवाई की जाए.

### आरसीएल विभाग में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**भिलाई, 23 जनवरी ।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के अनुसंधान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला विभाग में इस सप्ताह सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन मुख्य



महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि प्रत्येक कर्मी की जिम्मेदारी और कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। सुरक्षा सप्ताह के आयोजन हेतु गठित सेफ्टी कमेटी में मुख्य महाप्रबंधक ए. वी. मनोज एवं आवेश सहारे, विभागीय सुरक्षा अधिकारी दिवाकर सिरमौर, सहायक महाप्रबंधक राजेश चौधरी, वरिष्ठ प्रबंधक जाहिद खान एवं श्रीमती ऋचा अवस्थी, उप प्रबंधक श्रीमती मनीषा नंदी सहित डी. के. भाटिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाया गया मोतियाबिंद जांच शिविर

कवर्धा ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मोतियाबिंद

- **जलि के 117 वरषि्ठ नागरकिों का पंजीयन, 94 मोतयािबदि सर्जरी के लएि चनि्हांकति**

सर्जरी हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन 22 जनवरी 2026 को जिला चिकित्सालय कबीरधाम में किया गया। यह शिविर समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा स्थानीय जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सहयोग से आयोजित किया गया।शिविर में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया। कवर्धा विकासखंड से 36, बोड़ला से 36, पंडरिया से 20 तथा सहसपुर लोहारा से 25 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन हुआ। इस प्रकार कुल 117 वरिष्ठ



नागरिकों का पंजीयन किया गया है। इसमें 94 मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चिन्हांकित किया गया। शिविर में चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों का मोतियाबिंद ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में 1 फरवरी 2026 से कराया जाना संभावित है। इसकी जानकारी संबंधित हितग्राहियों को अलग से दी जाएगी। शिविर में समाज कल्याण कबीरधाम की उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा, मुख्य अस्पताल के सिविल सर्जन और अधीक्षक श्री केशव ध्रुव, नेत्र सर्जन डॉ. क्षमा चोपड़ा, नेत्र सहायक अधिकारी श्री धीरेन्द्र शर्मा, श्रीमती अनामिका मढ़रिया, श्री देवकुमार कौशिक (अधीक्षक, दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, सिंघनपुरी) सहित समाज शिक्षा संगठक, पंचायत कर्मचारी तथा समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिंधू भवन सेक्टर-4 में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

**भिलाई, 23 जनवरी।** सिंधू भवन, सेक्टर-4 में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर सिंधी ब्रादर मंडल की कार्यकारिणी की बैठक राकेश नागदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सिंधी समाज के मुखी जय कुमार अम्बवानी ने गणतंत्र दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस का आयोजन प्रातः 10 बजे सिंधू भवन में ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। समाज के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इनमें दिलीप खटवानी, अजय सचदेव, सुशील हरिरामानी, श्रीमती निशा अंबवानी सहित अन्य सदस्य देशभक्ति के कर्णप्रिय गीत प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम समाज के संरक्षक एवं मार्गदर्शक के. डी. वाधवानी, जी. डी. जसवानी, ए. सी. छबलानी, अशोक मूलचंदानी एवं सुरेश रत्नानी के आतिथ्य में संपन्न होगा।

# मरीज की मौत के मामले में दो लोग किए गये गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई,23 जनवरी।** भिलाई उपचार में लापरवाही बरतने से मरीज की मौत मामले में धमधा पुलिस ने श्रेया अस्पताल धमधा के प्रबंधक ग्राम भरनी निवासी मनीष राजपूत व भिलाई निवासी डाक्टर अभिषेक पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले बीते दो जनवरी को नर्सिंग होम एक्ट के तहत अस्पताल का पंजीयन भी निरस्त किया जा चुका है चिरज वर्मा ने धमधा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें धमधा पुलिस ने बताया कि 10 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे उनकी माता पदमाबाई वर्मा (57 साल ) अपने घर के आंगन में गिर गई थीं, पैर में गंभीर चोट आने की वजह से वे चल-फिर नहीं पा रही थीं दूसरे दिन उपचार के लिए उन्हें श्रेया अस्पताल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर धमधा में भर्ती कराया गया, जहां 13 अक्टूबर को उनके पैर का आपरेशन किया गया 14 को उनकी हालत बिगड़ने व सांस तेज चलने पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया श्रेया अस्पताल के स्टाफ व एम्बुलेंस के माध्यम से पदमाबाई वर्मा को शंकराचार्य अस्पताल




जुनवानी ले जाया गया, जहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया स्वजन ने आरोप लगाया कि उनकी बिना सहमति के रेफर किया गया रेफर करते समय एम्बुलेंस में समुचित चिकित्सकीय देखरेख व डाक्टर की उपलब्धता नहीं थी, जिसके कारण रास्ते में ही पदमाबाई की मृत्यु हो गई मामले में पुलिस ने श्रेया अस्पताल धमधा के प्रबंधक मनीष राजपूत और डा. अभिषेक पांडेय के खिलाफ अपराध दर्ज किया विवेचना के दौरान साक्ष्य पाए जाने पर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया

# गर्मी की आहट के साथ गन्ने का रस पीने वालों की संख्या बढ़ी

भिलाई, 23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

माघ की विदाई के साथ ही जब ठंड की चुभन कम होने लगती है, तब भिलाई की सड़कों पर एक मीठा सा स्वाद लौट आता है। मौर्या टॉकीज चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़ा गन्ना-रस का ठेला न सिर्फ प्यास बुझाता है, बल्कि मेहनतकश जीवन की कहानी भी सुनाता है। इसी ठेले पर रोज़ सुबह से शाम तक काशीराम देवांगन और उनकी धर्मपत्नी पार्वती बाई मुस्कान के साथ लोगों का स्वागत करते हैं। काशीराम ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह के बाद जैसे ही शादियों का सिलसिला शुरू होता है, वैसे ही गन्ने की आवक बढ़ जाती है। इसी समय से सूर्य भी तेज होने लगते हैं और गन्ना-रस की मांग अपने आप बढ़ जाती है। पार्वती बाई के लिए यह काम केवल रोज़ी-रोटी नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी है। वे बताती हैं कि सामान्य दिनों में वे फल-जूस और नारियल पानी बेचते हैं, लेकिन गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए गन्ना-रस सबसे बड़ा सहारा बनता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई उनके ठेले पर रुकता है।



इस वर्ष गन्ने की कीमत जरूर बढ़ी है। जो गन्ना पिछले साल 700 रुपये प्रति क्विंटल मिलता था, वह अब 800 रुपये हो गया है। बावजूद इसके काशी और पार्वती ने गन्ना-रस के दाम नहीं बढ़ाए। 20 रुपये में ठंडा और शुद्ध रस मिल जाए, इससे बड़ी खुशी क्या होगी, काशी मुस्कुराते हुए कहते हैं। नींबू और जायकेदार मसालों से सजा यह गन्ना-रस केवल स्वाद नहीं देता, बल्कि गर्मी में राहत भी देता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए पाइप से पीने की व्यवस्था यह बताती है कि यहां व्यापार से पहले इंसानियत को जगह दी जाती है। भागती-दौड़ती जिंदगी में यह छोटा सा ठेला मेहनत, परंपरा और भरोसे का प्रतीक बन गया है—जहां गन्ने के रस में केवल मिठास ही नहीं, बल्कि

# भोथीपार खुर्द में लगी विश्व की सबसे छोटी मूर्तियों की प्रदर्शनी

भिलाई, 23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

ग्राम भोथीपार खुर्द, राजनांदगांव स्थित माध्यमिक विद्यालय में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन द्वारा दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियों की निशुल्क प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को चित्रकला का प्रशिक्षण भी दिया तथा कला सामग्री का वितरण किया। संयोजक सचिन निषाद के नेतृत्व में डॉ. अंकुश देवांगन के साथ प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी की पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गईं। इस दौरान डॉ. देवांगन ने मिनटों में बच्चों के हूबहू चित्र बनाकर सभी को चकित कर दिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक हुमन सिंह ठाकुर, शिक्षिका दया साहू, सुविलास चंद्राकर, सुजात बोरकर, सोनम रामटेके सहित विद्यालय का स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# आधार बेस उपस्थिति और कर्मयोगी पंजीयन का प्रशिक्षण दिया गया

भिलाई, 23 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

नगर निगम भिलाई में कार्यरत नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को आधार बेस प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने और कर्मयोगी पंजीयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने एंड्रॉयड फोन से उपस्थिति दर्ज करेंगे। नगर निगम के जोन एवं मुख्य कार्यालय के प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटरों और डेटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार एवं



अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे की उपस्थिति में तकनीकी सहायक दिलीप कुर्रे द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि सभी कर्मचारियों का अवकाश ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा और उनके नोडल अधिकारी को अवकाश स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार दिया गया है। साथ ही, तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को कर्मयोगी पंजीयन में शासन की वेबसाइट पर जाकर पंजीयन करना अनिवार्य किया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। पंजीयन के बाद कर्मचारी इच्छानुसार 3 कोर्स का चयन करके संबंधित प्रश्न/उत्तर पूरा करेंगे। इन कोर्सों का प्रमाणपत्र ऑनलाइन जनरेट किया जाएगा। अप्रैल से इन कर्मचारियों का कर्मयोगी रिकॉर्ड (CR) इन कोर्सों के आधार पर तैयार किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के लिए यह प्रशिक्षण अनिवार्य है और इसका पालन न करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर अतिक्रमण कर पेट्रोल पंप निर्माण का आरोप, चंद्रनगर में विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई, 23 जनवरी।** चंद्र नगर कोहका स्थित अग्रसेन आईटीआई के सामने सड़क पर अतिक्रमण कर पेट्रोल पंप निर्माण किए जाने के आरोप को लेकर कॉलोनी वासियों में भारी आक्रोश देखा गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों फीट अतिक्रमण कर उसे संकरा कर दिया गया, जिससे आए दिन लोगों के गिरने और घायल होने की घटनाएं होने लगीं। मौके पर पहुंचे पटवारी ने जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें सड़क पर अतिक्रमण की पुष्टि की गई। इस अवसर पर चंद्रनगर विकास समिति की संयोजक शारदा गुप्ता सहित



ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य तत्काल बंद नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि उन्हें यह कहकर गुमराह किया गया कि उक्त स्थान पर कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इसी आड़ में चारों ओर मिट्टी के बड़े-बड़े टीले खड़े कर दिए गए। बाद में कॉलोनी की 20 फीट चौड़ी सड़क पर लगभग 3 सुगंधी सोनी, संतोष सोनी, निर्मल भारती, रेखा ब्रम्हे, बसंत शुक्ला, बीजे आनंद, दिनेश विश्वकर्मा, राजकुमार ब्रम्हे, प्रशांत पासवान, भारती राणे, सुनीता राणे, प्रमिला बोरकर, मीना सिंह, गीता चौधरी, नीलम भारती, पुष्पा देवांगन, शिवकुमारी प्रजापति, अनीता सिंह, यशोदा मिश्रा, कोमल दुलानी सहित सैकड़ों कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

# एसएलआरएम सेंटर में कॉलेज के विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

भिलाई, 23 जनवरी

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र के एस.एल.आर.एम. सेंटर में कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। विद्यार्थियों को सोर्स सेग्रीगेशन का महत्व बताया गया। एस.एल.आर.एम. सेंटर की उपयोगिता एवं गार्बेज डिस्पोजल तथा होम कम्पोस्टिंग का विस्तार से जानकारी दिया गया। स्वच्छता का संदेश देते हुए बताया गया कि सूखा कचरा नीला एवं गीला कचरा हरा डस्टबिन में अलग-अलग रखा जाना चाहिए। निगम का सफाई मित्र कचरे को एकत्र कर



एस.एल.आर.एम. सेंटर तक पहुंचाने का काम करते है। यह भी बताया गया कि स्वच्छता दीदीयां किस प्रकार कचरे से झिल्ली, पन्नी, धातु को अलग करते है। गीला कचरे को मशीन में डालकर खाद बनाने तक की प्रक्रिया को समझाया गया। वही खाद बागवानी में भी उपयोग में लाया जाता है।

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा 77वां गणतंत्र दिवस

**भिलाई, 23 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके पूर्व निगम क्षेत्र में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं, प्रमुख चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। 26 जनवरी को निगम मुख्य कार्यालय में प्रातः 8 बजे महापौर नीरज पाल द्वारा निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाएगा।

## एक नजर

### जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन आज से

**बलौदाबाजार, 23 जनवरी।** पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी ने 23 जनवरी 2026 से जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु आदेशित किया है। ग्राम सभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। बैठक में ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन का वाचन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि,स्वीकृत राशि,व्यय एवं शेष राशि, ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाईन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने,ग्राम पंचायत द्वारा किये जा रहे अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के सबंध में चर्चा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### 7लाख रुपये से अधिक के 313 क्विंटल अवैध धान टीम ने किया जब्त



**बलौदाबाजार, 23जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संयुक्त जांच टीम द्वारा अवैध धान पर कड़ी कार्यवाही करते हुए 313 क्विंटल अवैध धान परिवहन कर रहे ट्रक को पकड़ा गया और धान जब्त किया। जब्तशुदा धान का मूल्य लगभग 743000 रुपये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच टीम भाटापारा द्वारा अवैध रूप से धान परिवहन कर रहे ट्रक क्रमांक ष्टत्र07क्क1916 को मय 313क्विंटल जब्त कर भाटापारा मंडी के सुपुर्द किया गया।कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसीतरह लवन तहसील अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र सीरियाडीह के निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र के बाहर ट्रेक्टर में रखे 29 बोरी धान को अवैध रूप से पाये जाने पर हंसुराम पिता वेदप्रकाश से जब्त कर ग्राम पंचायत सचिव को सुपुर्द किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण सहित बिचौलियों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर रैली निकाली जायेगी

**रायपुर 23 जनवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 2, 3, 4 के सहयोग से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयन्ती दिनांक 23 जनवरी 2026 शुक्रवार को सुबह 8 बजे जयस्तभ चैक पर एवं सुबह 9 बजे राजधानी के रेल्वे स्टेशन परिसर के सामने और प्रातः 11 बजे तेलीबांधा चैक में नेताजी सुभाषचंद्र की प्रतिमा के समक्ष जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। सुबह 8 बजे 23 जनवरी 2026 को राजधानी शहर रायपुर में जयस्तंभ चैक पर सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थीगण एकत्र होकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जयंती पर सादर नमन करने के बाद वहां से छात्र रैली निकालकर जयस्तंभ चैक से शारदा चैक, गुरूनानक चैक, गुरुद्वारा चैक होकर रेल्वे स्टेशन परिसर के सामने स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा के समक्ष छात्र रैली के रूप में पहुंचकर एकत्रित होंगे. स्टेशन चैक पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सभा का आयोजन 23 जनवरी को सुबह 9 बजे नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रखा गया है। छात्र रैली पर राजधानी शहर के शारदा चैक, गुरूनानक चैक, स्टेशन चैक पर निगम सस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 2 और 4 के सहयोग से रैली में सम्मिलित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा करने की प्रशासनिक व्यवस्था रखी गयी है।

# रविवि को आरएसएस का मंच बनाने का एनएसयूआई ने किया विरोध

**डॉ. कृष्ण गोपाल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाना विवि की अकादमिक तटस्थ के विरुद्ध**

**रायपुर 23 जनवरी।** प्रभारी महामंत्री एनएसयूआई हेमंत पाल ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में शासकीय कार्यक्रमों के नाम पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े व्यक्तियों को मुख्य वक्ता / मुख्य अतिथि बनाए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हेमंत पाल का कहना है कि दिनांक 21 जनवरी 2026 को आयोजित श्रीमंत शंकरदेव शोधपीठ लोकार्पण समारोह में डॉ. कृष्ण गोपाल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाना विश्वविद्यालय की अकादमिक तटस्थता, संवैधानिक मूल्यों और शासकीय मर्यादाओं के पूर्णतः विरुद्ध है। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि शासकीय विश्वविद्यालय किसी एक राजनीतिक या वैचारिक संगठन का मंच नहीं हो सकता। आरएसएस कोई शैक्षणिक या शोध संस्था नहीं, बल्कि एक वैचारिक संगठन है, ऐसे में उसके पदाधिकारी को विश्वविद्यालय के मंच से मुख्य वक्ता बनाना सीधे-सीधे विचारधारात्मक प्रचार की श्रेणी में आता है।

#### एनएसयूआई के सवाल

किस नियम, किस अधिसूचना या किस वैधानिक प्रावधान के तहत आरएसएस पदाधिकारी को शासकीय विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बनाया गया? क्या विश्वविद्यालय प्रशासन यह मानता है कि केवल संघ से जुड़े लोग ही ज्ञान, संस्कृति और विचार के प्रतिनिधि हैं? अन्य विचारधाराओं के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को अवसर क्यों नहीं दिया गया? एनएसयूआई का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकार के आयोजन संविधान की धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भावना के विपरीत हैं और विश्वविद्यालय को एक राजनीतिक वैचारिक एजेंडे का उपकरण बनाया जा रहा है।



#### एनएसयूआई की मांग

एनएसयूआई ने मांग की है कि- विश्वविद्यालय प्रशासन सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करे कि आरएसएस से जुड़े व्यक्ति को किस हैसियत और किस नियम के तहत आमंत्रित किया गया। भविष्य में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय सहित सभी शासकीय विश्वविद्यालयों में किसी भी राजनीतिक या वैचारिक संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को मुख्य वक्ता या मुख्य अतिथि बनाए जाने पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस कार्यक्रम में प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, मोनू तिवारी, गवेश साहू अंकित बंजारे, सुजीत सुमेर, मनीष बंधे,शेख अरसलान, आलोक खारे, हर्ष शर्मा, यश देवांगन, भोला विश्वकर्मा, इत्यादि छात्र नेता मौजूद थे।

**पीडब्लूडी के सर्किट हाउस में शहरी आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन**

# आपदा प्रबंधन प्रत्येक क्षेत्र में किया जाना आवश्यक हो गया है : अरुण साव

रायपुर 23 जनवरी। आज स्थानीय पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग सहित रायपुर जिला प्रशासन, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यूएनडीआरआर, एडीपीसी, टीईआरआई, केपीएमजी के सहयोग से रायपुर नगर पालिक निगम के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। शहरी आपदा प्रबंधन में प्रतिरोधक क्षमता पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने की। नगर निगम आयुक्त श्री विष्वदीप और केपीएनजी के संचालक श्री प्रबल भारद्वाज, आईआईएसएम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष कुमार, एडीपीसी के किलियन मूर्फी, टीईआरआई के श्री शरीयन पंडित की मंच पर उपस्थिति रही।



उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव ने प्रशिक्षित अभियंताओं एवं अधिकारियों को मंच से महापौर श्रीमती मीनल चैबे सहित प्रशस्ति पत्र प्रदत्त किये। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव ने शहरी आपदा जोखिम प्रतिरोधक क्षमता विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में सफल आयोजन हेतु नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे और आयुक्त श्री विष्वदीप सहित पूरी टीम की सराहना की। उन्होने कहा कि यह भाव मन में आ जाता है कि मेरी उम्र 45 - 50 वर्ष की है अब मुझे कुछ सीखने की आवष्यकता नहीं है वे स्वयं अधिवक्ता वर्ग से आते है जहां विषय पर बुजुर्ग नागरिक भी अध्ययन लगातार करते है। सीखने की जीवन में कोई उम्र नहीं होती सीखने का व्यक्ति में जज्बा होना चाहिए। उन्होने कहा कि इस कार्यशाला से प्रदेश के नगरीय निकाय के अधिकारी एवं अभियंतागण लाभान्वित होंगे। आपदा प्रबंधन जीवन का महत्वपूर्ण विषय है जिसे प्रत्येक क्षेत्र में किया जाना आवष्यक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यशाला के बाद और कार्यशालाएं होंगी और हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य को शहरी आपदा प्रबंधन का श्रेष्ट केन्द्र देश में बनायेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्य अब शुरू हुआ है। इसका लाभ रायपुर शहर सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य को आगे चलकर प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद 25 वर्ष की विकास यात्रा में रायपुर शहर अब एक विष्व स्तरीय शहर बन चुका है।

## युवाओं को सच्चा नागरिक बनाने में एनएसएस की अहम भूमिका: टंकराम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जनवरी।** दाऊ कल्याण शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में बुधवार को 7 दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक किरण सिंह देव सहित जनप्रतिनिधियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। 7 दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में विभिन्न जिलों के छात्र छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओ को राष्ट्र निर्माता एवं सच्चे नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाता है। पढ़ाई के साथ दायित्व बोध,नई संवेदना कर्तव्य बोध भी कराता है। इस राज्य स्तरीय शिविर में प्रतिभागी व्यक्तित्व को निखारने के साथ आगे बढ़ने का गुरु सीखेंगे। प्रतियोगिता केवल हार जीत ही नहीं बल्कि बेहतर नागरिक बनने के गुण भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय का वे स्वयं विद्यार्थी रहे है और यहां अतिथि बनना गर्व की बात है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस महाविद्यालय के लिये नये भवन निर्माण हेतु 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में देशभक्ति, बेहतर नागरिक बनने के गुण विकसित करता है। इस शिविर में विभिन्न जिलों के छात्रों के साथ सीखने का अवसर मिलेगा। सभी प्रतिभागी इस शिविर का बेहतर सदुपयोग करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



## बारनवापारा अभयारण्य में वर्षों बाद नजर आया दुर्लभ ऑरेंज-ब्रेस्टेड ग्रीन पिजन बर्ड

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जनवरी।** बारनवापारा अभयारण्य से पक्षी प्रेमियों और पर्यावरणविदों के लिए एक बेहद सुखद खबर सामने आई है। हाल ही में अभयारण्य में आयोजित बर्ड सर्वे के दौरान दुर्लभ 'ऑरेंज-ब्रेस्टेड ग्रीन-पिजन' (ट्रेरॉन बाइसिंक्टस) की उपस्थिति दर्ज की गई है। इस दुर्लभ पक्षी की साइटिंग पकरीद टीम द्वारा की गई, जिसमें बर्डर एवं वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर राजू वर्मा और प्रतीक ठाकुर सहित कर्नाटक, बिहार और ओडिशा के विशेषज्ञ शामिल थे। टीम को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब इस पक्षी का एक जोड़ा उनके ठीक ऊपर पेड़ पर बैठा पाया गया, जिससे उड़ने से पहले उनकी विस्तृत फोटोग्राफी और रिकॉर्डिंग करना संभव हो सका। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह साइटिंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस प्रजाति को कई वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस क्षेत्र में देखा गया है।

ऐतिहासिक रूप से इस पक्षी की उपस्थिति बारनवापारा में पहले भी दर्ज की गई थी, जब वर्ष 2015-16 में विख्यात पक्षी विशेषज्ञ ए.एम.के. भरोस ने इसे देखा था। उसके बाद से यह प्रजाति यहाँ से ओझल रही थी, जिससे अब इसकी पुनः वापसी वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से एक बड़ा रिकॉर्ड मानी जा रही है। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में पाया जाने वाला यह पक्षी मुख्य रूप से अंजीर और जंगल के अन्य रसीले फलों पर निर्भर रहता है। इसे एक निवासी प्रजाति माना जाता है जो स्थानीय मौसमी बदलावों के साथ अपनी गतिविधियां संचालित करता है। छत्तीसगढ़ के अन्य वनों में भी इसकी मौजूदगी समय-समय पर दर्ज होती रही है, लेकिन बारनवापारा में इसकी वापसी पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाती है। सर्वे टीम ने इस पक्षी की पहचान इसकी विशिष्ट शारीरिक विशेषताओं के आधार पर की है। ऑरेंज-ब्रेस्टेड ग्रीन-पिजन की नीली-धूसर गर्दन, पीले-हरे रंग का सिर और शरीर का निचला हिस्सा इसे विशेष बनाता है। इसके लाल पैर और स्लेटी-धूसर केंद्रीय पूंछ के पंख इसे आमतौर पर दिखने वाले 'येलो-फुटेड ग्रीन-पिजन' (हरियल) से स्पष्ट रूप से अलग करते हैं। विशेष रूप से नर पक्षी की पहचान उसके सीने पर मौजूद गहरे नारंगी रंग के पैच से की गई। कई वर्षों बाद इस प्रजाति का कैमरे में कैद होना न केवल फोटोग्राफर्स के लिए उत्साह का विषय है बल्कि यह अभयारण्य में पक्षियों के अनुकूल वातावरण और विविधता का एक सशक्त प्रमाण भी है।

**जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय आगजनी कांड**

## साक्ष्य नष्ट करने की कोशिश के विरोध में एनएसयूआई का धरना



**रायपुर 23 जनवरी।** रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हाल ही में हुए आगजनी कांड के बाद घटनास्थल पर दीवार गिराकर महत्वपूर्ण साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश किए जाने का मामला अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि पूरे मामले की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर भी गहरे सवाल खड़े करती है। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी जाँच की माँग को लेकर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ता रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना पर बैठकर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई का स्पष्ट मत है कि जिस तरह से घटना के बाद साक्ष्य प्रभावित करने की कोशिश की गई, उससे स्थानीय स्तर की जाँच पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ऐसे में सच्चाई सामने लाने और दोषियों की जवाबदेही तय करने के लिए इस मामले की सीबीआई या एसआईटी जाँच होना चाहिए शिक्षा विभाग ने 3 सदस्य टीम गठित की है जिसकी प्रारंभिक रिपोर्ट अभी तक नही आई है इस आगजनी काण्ड में मध्यान भोजन में चोरी से संबंधित दस्तावेज, अनुकंपा नियुक्ति से जुड़ी हजारों शिकायतें, निजी और गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों से जुड़ी फाइले,नौकरियों के आवेदन सहित सारी कागजे सब राख में तब्दील हो गया है।

एनएसयूआई के धरने पर बैठने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जाँच टीम को मौके पर भेजा गया। इस पर एनएसयूआई ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि सोमवार तक जाँच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई, तो संगठन शिक्षा मंत्री निवास का घेराव करेगा। एनएसयूआई का कहना है कि केवल औपचारिक जाँच नहीं, बल्कि समयबद्ध और निष्पक्ष रिपोर्ट ही जनता का विश्वास बहाल कर सकती है।

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने का कहा कि यदि समय रहते निष्पक्ष जाँच नहीं हुई तो यह एक खतरनाक परंपरा को जन्म देगा, जहाँ साक्ष्य मिटाकर जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास किया जाएगा। संगठन इस मामले में उच्चस्तरीय जाँच के साथ-साथ दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की भी माँग करता हैं। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी , प्रदेश सचिव महताब हुसैन , विशाल कुकरेजा , जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार, शिवांक सिंह , विधानसभा अध्यक्ष अंकीत शर्मा, जिला महासचिव सेवा साहू , दिव्यांश श्रीवास्तव , यश सागर,प्रतीक ध्रुव , प्रियांशु सिंह , यूनिवर्सिटी उपाध्यक्ष आलोक सिंह , अनिकेत गोड़, कृष सहारे , दुर्गेश , सौरभ , हर्ष , करण , जुबैर , ईश्वर , लोमश समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार मनरेगा में काम और मजदूरी की गारंटी निश्चित करे-सुशील शर्मा



**भाटापारा 23 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, मनरेगा के तहत हो रहे कार्यो का निरीक्षण किया,इस अवसर पर ग्राम कोड़ापार में उपस्थित मजदूरो ने बताया कि सरकार मुरुम युक्त पथरीली जमीन में अमृत सरोवर निर्माण करा रही है जन्हा पर जमीन काफ़ी पथरीली और ठोस है खुदाई करने में काफ़ी मेहनत और समय लग रहा है किंतु सरकार के कतिपय अधिकारी हमे मजदूरी की राशि कम दे रहे है,कम राशि का भी भुगतान तय समय के अनुसार नहीं मिलता है

मज़दूरो की समस्याओं को सुनकर सुशील शर्मा और अमर मंडावी ने कहा की मनरेगा कार्य जिसे गांव के ग़रीब अंतिम व्यक्ति को रोजगार देने के लिये हमारी कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री स्व.मनमोहन सिंह ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के नाम से क़ानून बनाया था जिसमे प्रत्येक परिवार के सदस्यों को 15 दिन के अंदर रोजगार देने सरकार कटिबद्ध रहती थी पूरे वर्ष भर मजदूरो को कार्य मिलता था किंतु इस नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने इस महत्वपूर्ण योजना से महात्मा गांधी जी का नाम बदल कर विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण नाम रखा है जिसे भाजपा के नेता VB-G Ram G योजना कहते फिर रहे है ।मजदूर विरोधी योजना का पुरजोर विरोध होना चाहिये आपके हितों को ध्यान में रखकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार से माँग की है की

ग्रामीण मजदूरो को काम की गारंटी-मजदूरी की गारंटी सहित जवाबदेही की भी गारंटी होना चाहिये,मनरेगा में जो बदलाव किया गया है उसकी तत्काल वापसी होनी चाहिये,काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली होनी चाहिये,मज़दूरो को प्रतिदिन न्यूनतम वेतन400रु मिलना चाहिये ।

**एनएमडीसी गेट के सामने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में**

# 50 फीसदी आरक्षण,सीएसआर राशि आदि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 23 जनवरी।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एनएमडीसी की कथित वादा खिलाफी और 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को एनएमडीसी गेट के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरने का नेतृत्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सुशील मौर्य ने आरोप लगाया कि एनएमडीसी द्वारा लगभग 300 करोड़ रुपये की टेंडर प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी कर योग्य कंपनियों को बाहर किया गया तथा एक विशेष कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कांग्रेस पार्टी द्वारा एनएमडीसी के मुख्य विजिलेंस अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करती है।



सुशील मौर्य ने एनएमडीसी स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि निजीकरण से स्थानीय लोगों के रोजगार के अवसर खत्म होंगे। बस्तर पूर्णतः अनुसूचित क्षेत्र है, इसलिए स्थानीय युवाओं को एनएमडीसी और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रभावित गांवों के विकास के लिए पूर्व की भांति ष्टस्क्रमद से प्रत्येक गांव को नियमित राशि उपलब्ध कराने की मांग की।

कांग्रेस अध्यक्ष ने खनन से निकलने वाले दूषित लाल पानी और अपशिष्ट पदार्थों से नगरनार एवं आसपास के गांवों में हो रहे प्रदूषण पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एनएमडीसी 'जीरो डिस्चार्ज' नीति का पालन नहीं कर रही है, जिससे खेती, पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने अपशिष्ट जल को गांवों और नदियों में छोड़ने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

धरने में यह भी मांग की गई कि जब तक कोपागुड़ा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण नहीं होता, तब तक डिमरापाल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एनएमडीसी कर्मचारियों के साथ-साथ प्रभावित गांवों के लोगों को प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं एवं रोजगार उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही बस्तर में आवासीय स्कूल, आईटीआई व स्किल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना कर ठेका प्रथा को समाप्त करते हुए सीधी भर्ती की जाए।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि भूमि अधिग्रहण और विस्थापन के समय एनएमडीसी द्वारा किए गए वादों को तत्काल पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों को रोजगार देने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बस्तर के युवाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण व प्रभावित गांवों को ष्टस्क्र मद से मुआवजा दिया जाना चाहिए।

कांग्रेस पार्टी ने किसानों की खराब हो रही फसलों और जमीन के लिए मुआवजा, आड़ावाल-नगरनार डिवाइडर रोड के निर्माण व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, खेल अकादमी हेतु 50 एकड़ भूमि आरक्षित करने तथा स्थानीय युवाओं को वेंडरशिप (ठेकेदारी) में प्राथमिकता देने की भी मांग की।

ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया ने कहा कि बस्तर की मड़ई एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संरक्षण के लिए एनएमडीसी द्वारा पूर्व की तरह ष्टस्क्र राशि पुनः जारी की जाए।

# वक्त बदलता है तो बहुत कुछ बदलता है

वक्त बदलता है,देश की राजनीति बदलती है, देश में शासन करने वाले बदलते हैं, जनता शासन करने के लिए नए दलों का चुनती है, दूसरी विचारधारा के लोगों को चुनती है तो देश में जो पहले बरसों तक नहीं बदलता था,वह सब धीरे धीरे बदलता है। देश व राज्यों में बहुत कुछ बदलता है।जो पहले ठीक समझा जाता था, उसे अब गलत समझा जाता है,गलत बताया जाता है। इस बदलाव को कई स्तरों पर महसूस किया जा सकता है, देखा जा सकता है। पहले देश में शासन करने वाले राजनीतिक दल सेकुलर होते थे, उनकी विचारधारा सेकुलर थी तब धर्म की बात करने वालों को सांप्रदायिक कहा जाता था, देश के लिए उनको बुरा समझा जाता था, माना जाता था कि यह देश में शासन करने योग्य नहीं है, इसलिए उनको जनता भी नहीं चुनती थी। सेकुलर लोग दावा करते थे वही देश में शासन करने योग्य है,उन्हीं को शासन करना आता है, इसलिए केंद्र व राज्य की सत्ता में उनको ही चुना जाता था। 2014 के बाद देश की राजनीति धीरे धीरे बदलनी शुरू हुई और दस साल बाद महसूस किया जा सकता है कि दस साल में राजनीति पूरी तरह बदल गई है। पहले केंद्र में सेकुलर दल का शासन ही देश के लिए ठीक माना जाता था तो अब सेकुलर को ठीक नहीं माना गया और हिंदुत्व व सनातन के समर्थकों को देश में शासन करने के लिए ठीक माना जा रहा है। इससे देश के कई हिस्सों में आज हिंदुत्व व सनातन के समर्थकों का शासन है। सेकुलरों व सनातन विरोधियों का सफाया हो गया है। देश में दक्षिण ही ऐसा हिस्सा बचा है जहां आज भी सनातन विरोधी शासन में है और सत्ता में रहने के लिए वह आज भी मानते हैं कि सनातन का विरोध जरूरी है। वह यह भूल रहे हैं कि कोई भी विचारधारा हमेशा नहीं रहती है, उसे हमेशा सही नहीं माना जाता है। क्रिया की प्रतिक्रिया होती है और जिसे पहले सही माना जाता है, उसे अब गलत माना जाता है और कहा भी जाता है। देश के दक्षिण के राज्यों में अब इसकी शुरुआत हो चुकी है। कई ऐसे संकेत मिल रहे हैं जिससे लगता है कि भारत के दक्षिण के लोग भी अब देश के अन्य हिस्सों की तरह अपने यहां के शासन करने वालों को बदलना चाहते हैं क्योंकि वह हिंदुत्व व सनातनविरोधी है्। इसकी शुरुआत दक्षिण भारत के तमिलनाडु,केरल से शुरू हो चुकी है। आंध्रप्रदेश में एनडीए की सरकार होने के कारण माना जाता है कि वहां तो बदलाव हो चुका है।केरल में बदलाव का स्पष्ट संकेत तब मिला है जब तिरुवंनतपुरमें पहली बार भाजपा का मेयर बना है तथा निकाय चुनाव में वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। यही नहीं कोई पहले कल्पना नहीं कर सकता था कि वामपंधियों के किले में कभी कुंभ का आयोजन हो सकता है और सरकार उसे होने देगी। आज यह केरल में हो रहा है।वहां दो सौ साल के बाद दक्षिण के कुंभ का आयोजन किया जा रहा है और वामपंथी सरकार उसका विरोध नहीं कर पा रही है क्योंकि अब वहां की जनता ऐसा चाहती है। दक्षिण के तमिलनाडु राज्य में परिवारवादी व व्यक्तिवादी राजनीति होने के कारण वहां राष्ट्रीय दलों का शासन कभी नहीं रहा।वहां परिवारवादी व हिंदुत्व विरोधी व सनातन विरोधी ही सत्ता पर रहे हैं। माना भी यही जाता रहा कि सत्ता में वही रहेगा जो हिंदुत्व विरोधी होगा,सनातनविरोधी होगा। अब तमिलनाडु में भी वह नहीं हो रहा है जो सरकार चाहती है, वही हो रहा है जो अब वहां की जनता चाहती है। सरकार चाहती थी वहां की पहाड़ी पर दीपम उत्सव पर रोक लगी रहे लेकिन वहां की जनता ने चाहा तो सरकार दीपम उत्सव को रोक नहीं पाई और वहां की अदालत ने इस मामले में फैसला जनता के पक्ष में सुनाया है। इसी तरह हाल ही में केरला के पहले कुंभ के लिए तमिलनाडु रथयात्रा पर रोक लगाई गई है लेकिन इसमें खुलकर सरकार सामने नहीं आई इसके लिए कहा जा रहा है कि यह प्रशासन के अधिकारियों का फैसला है। यही नहीं पहले यहां के सीएम,उनके पुत्र व मंत्री खुलकर सनातनविरोधी बयान देते थे और मानते थे उन्होंने कुछ गलत नहीं कहा है लेकिन अब सीएम के पुत्र उदयनिधि स्टालिन के सनातन को समाप्त करने के बयान को हाईकोर्ट ने हेटस्पीच माना है यानी यह साफ हो गया है कि यहां के राजनीतिक दल व करुणानिधि परिवार अब तक सनातनविरोध में जो कह रहे थे, वह गलत था,यह तमिलनाडु में बहुत बड़े बदलाव का संकेत हैं। माना जा सकता है कि जिस तरह देश के अन्य हिस्सों में परिवारवादी व सनातन विरोधी दलों का शासन खत्म हुआ है, दक्षिण में भी अगले चुनाव में इसकी शुरुआत हो सकती है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस

# बालिका विकास के बंद दरवाजे खोलने का समय

ललित गर्ग-

राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का दिन है, जिसकी शुरुआत 2008 में हुई; जिसके माध्यम से बालिकाओं की तस्वीर बदल रही है, जहाँ अब वे शिक्षा, खेल और नेतृत्व में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या और कुपोषण जैसी चुनौतियां अभी भी हैं, जिन्हें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं और कानूनों से दूर करने का प्रयास जारी है, जिससे वे समाज का गौरव और प्रगति का चेहरा बन सकें। इस दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, लैंगिक भेदभाव को कम करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जोर देना है। बालिकाएं अब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। समाज में बेटियों के प्रति सोच में बदलाव आया है। कानूनी उपाय जैसे बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोस्को अधिनियम और सरकारी योजनाएं जैसे मिशन वात्सल्य, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन आदि बालिकाओं के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। इन सबके बावजूद आज भी बालिकाएं शोषण एवं भेदभाव का शिकार है। बालिका लिंगानुपात में भले ही सुधार हुआ है, लेकिन बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाएँ अभी भी मौजूद हैं। बालिकाओं में एनीमिया और कम वजन जैसी पोषण संबंधी समस्याएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। पितृसत्तात्मक मानसिकता को खत्म करने और बालिकाओं को समान अवसर देने की आवश्यकता है।

आजादी के अमृत काल में भारत स्वयं को एक नए आत्मविश्वास, नई आकांक्षाओं और नए संकल्पों के साथ गढ़ रहा है। इस परिवर्तनशील भारत की सबसे मजबूत आधारशिला यदि कोई है, तो वह है-बालिका। राष्ट्रीय बालिका दिवस आत्ममंथन का अवसर है कि आज हमारी बालिकाएं किस दशा में हैं, किस दिशा में बढ़ रही हैं और समाज उनके लिए कैसा भविष्य रच रहा है। यह भी प्रश्न है कि क्या हम वास्तव में उस भारत का निर्माण कर पा रहे हैं, जहां बालिका जन्म से ही बोझ नहीं, बल्कि भविष्य की निर्माता मानी जाए। दोनों हाथ एक साथ को चरितार्थ करते हुए पुरुष एवं नारी दोनों की शक्ति से नया भारत निर्मित हो। पिछले कुछ दशकों में बालिकाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ी है, खेल, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति और उद्यमिता में बालिकाओं और महिलाओं ने असाधारण उपलब्धियां अर्जित की हैं। आज ग्रामीण भारत की बेटियां भी अंतरिक्ष विज्ञान, स्टार्टअप, सेना और सिविल सेवाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन संकेत देता है कि आजादी के अमृत काल में महिलाओं और बालिकाओं की भूमिका केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी होगी और यही राष्ट्र के सर्वोच्च शिखर की ओर ले जाने वाली शक्ति बनेगी। लेकिन इस उजली तस्वीर के समानांतर एक कड़वा यथार्थ भी है, जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। आज भी बालिकाओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराध, शोषण, यौन हिंसा, घरेलू अत्याचार, बाल विवाह और साइबर उत्पीड़न जैसी घटनाएं समाज की संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। बलात्कार और हिंसा की घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हैं, वे हमारी सामूहिक मानसिकता की विफलता का परिणाम हैं। जब एक बच्ची की सुरक्षा घर, स्कूल, सड़क और डिजिटल दुनिया-कहीं भी सुनिश्चित नहीं होती, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि विकास के दावे अधूरे हैं।

नए भारत, विकसित भारत और समता-मूलक भारत की परिकल्पना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का केंद्रबिंदु नारी-शक्ति और विशेषकर बालिकाओं का सशक्तिकरण है। उनका दृष्टिकोण केवल कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता के रूपांतरण का आह्वान करता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी अनेक योजनाओं ने बालिका को बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्र की पूंजी के रूप में देखने की दृष्टि विकसित की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, डिजिटल सशक्तिकरण और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं ने बालिकाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट संदेश है कि जब तक बालिका शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर नहीं होगी, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। उनकी व्यापक सोच बालिका को केवल संरक्षण की वस्तु नहीं, बल्कि नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण की सक्रिय सहभागी मानती है। यही कारण है कि आज की बालिकाएं आत्मविश्वास के साथ विज्ञान, खेल, प्रशासन और उद्यमिता में आगे बढ़ रही हैं और आने वाला भारत नारी-शक्ति के नेतृत्व में संतुलित, समतामूलक और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरता दिखाई देता है। समस्या की जड़ केवल अपराधी नहीं, बल्कि वह सोच है जो बालिका को कमजोर, पराधीन और सहनशील मानती है। यह सोच परिवार से शुरू होकर समाज और संस्थानों तक फैलती है। बेटा-बेटी में भेद, आज भी कई घरों में संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता के वितरण में दिखाई देता है। बालिकाओं को 'संस्कार' के नाम पर चुप रहना सिखाया जाता है, जबकि बालकों को अधिकार और स्वच्छंदता। यही असमान सामाजिक प्रशिक्षण आगे चलकर हिंसा और शोषण को जन्म देता है। आज जरूरत है एक नए सामाजिक दृष्टिकोण की-ऐसे दृष्टिकोण की, जिसमें अपराध के बाद की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि अपराध से पहले की रोकथाम केंद्र में हो। समाज को यह समझना होगा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिक पराजय हैं। कानून सख्त हों, यह आवश्यक है, पर उससे भी अधिक आवश्यक है सामाजिक चेतना का परिवर्तन। जब तक हम पीड़िता से प्रश्न पूछते रहेंगे, उसके कपड़े, उसका समय, उसकी स्वतंत्रता-तब तक अपराधियों का मनोबल टूटेगा नहीं। इसी के साथ बालिकाओं और महिलाओं को भी अपनी सोच को नए सिरे से गढ़ना होगा। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, मानसिक और वैचारिक भी होनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना होना चाहिए। बालिकाओं को यह सिखाना होगा कि वे अपने अधिकारों को पहचानें, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं और स्वयं को किसी भी रूप में कमतर न मानें। आज की बालिका को 'सहनशील' नहीं, 'सजग और सशक्त' बनाना समय की मांग है। शासन और प्रशासन की भूमिका भी इस परिवर्तन में निर्णायक है। योजनाएं तभी प्रभावी होंगी, जब वे जमीनी स्तर तक पहुंचें और उनका क्रियान्वयन संवेदनशीलता के साथ हो। पुलिस, न्यायपालिका, शिक्षा तंत्र और स्वास्थ्य व्यवस्था-सभी में जेंडर संवेदनशीलता को अनिवार्य बनाना होगा। फास्ट ट्रैक न्याय, पीड़िता केंद्रित प्रक्रियाएं और मानसिक परामर्श जैसी व्यवस्थाएं केवल कागजों में नहीं, व्यवहार में दिखनी चाहिए। डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन उत्पीड़न से निपटने के लिए भी विशेष रणनीति आवश्यक है। साथ ही, पुरुषों और बालकों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लैंगिक समानता केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है। बालकों को बचपन से ही सम्मान, सह-अस्तित्व और समानता के मूल्य सिखाने होंगे। जब पुरुष स्वयं को 'रक्षक' नहीं, बल्कि 'सहयात्री' मानेंगे, तभी समाज में वास्तविक संतुलन आएगा। पितृसत्ता की जड़ें तभी कमजोर होंगी, जब परिवार में पिता और मां दोनों समान रूप से बालिका की क्षमताओं पर विश्वास करेंगे।आजादी के अमृत काल में भारत जिस 'विकसित राष्ट्र' की परिकल्पना कर रहा है, वह तब तक पूर्ण नहीं हो सकती, जब तक उसकी आधी आबादी भय, भेदभाव और असुरक्षा में जीती रहे। बालिका केवल भविष्य की नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान की निर्माता है।

## सू- दोकू क्र. 295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 294 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -295

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 294 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| बा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपका कला और साहित्य के क्षेत्र में ज्यादा मन लगेगा और खुद की सेहत पर ध्यान देंगे। आप अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा, इससे आपका उत्साह बढेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में सफलता मिलेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सर्जनात्मक होंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। खास रिश्तेदार आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगे। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपके सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी। आज आपके सेहत में सुधार आयेगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। आपको कार्यों में किसी करीबी मित्र का सहयोग मिलेगा। दादा-दादी के साथ कुछ समय बिताएंगे, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

तुला राशिः आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं, अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे। जरूरतमंद को भोजन कराने से आपको सुकून मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आप योग की रूटीन अपनाएंगे, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए।

धनु राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है, आपका रुतबा बढ़ेगा। इस राशि के मीडिया कर्मचारियों को काम करने के बढ़िया मौके मिलने वाले हैं। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। लेखन से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है, यह खुशखबरी आपके जीवन को बदल सकती है।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। छात्र अपना अधिकतर समय इधर-उधर व सोशल मीडिया में बिताएंगे। परिवार के सभी लोग किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलने से आपको ख़ुशी होगी। आज घर के कामों को करने के बाद हाउसवाईव्स फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय बिताएंगी।

### अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

# युवा शक्ति, शिक्षा प्रणाली और समस्याओं का अंबार


लेखक - डॉ. प्रितम भि. गेडाम

दुनिया में मनुष्य के पास शिक्षा एक ऐसा बेशकीमती मौका है, जो जीवन में हर क्षेत्र, हर उच्च पद, काबिलियत और विकास का जरिया बनता है और हर वह मुकाम हासिल करने के लायक जो मनुष्य चाहता है, यह शिक्षा ही दिलाती हैं। इसके



साथ ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी भी शिक्षा पर होती है, मनुष्य के बेहतर जीवनयापन और जीवन में आनेवाली समस्याओं को हल करने की ताकत शिक्षा देती हैं। शिक्षा मनुष्य को संस्कारित करने के साथ-साथ उनके कलागुणों को निखारती है, आज प्रतियोगिताओं के युग में हमें अधिक कुशल बनाने में सहायक है और सतत प्रगतिपथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करके पथ प्रदर्शित करती हैं। मनुष्य ऐसी ही शिक्षा की कल्पना अपने जीवन के लिए करता है, जो उसके जीवन को सफल और सार्थक कर दें। शिक्षा पर हर एक मनुष्य का समान हक है और दुनिया में प्रत्येक को शिक्षा का यह अधिकार मिलना ही चाहिए ताकि वह अपना जीवन को बेहतर बना सकें, शिक्षा का भी यही उद्देश्य होता हैं। दुनिया में जिन देशों ने शिक्षा की गुणवत्ता और महत्व को समझा है, आज वह देश संपन्न राष्ट्रों में गिने जाते है, छोटे - छोटे देश भी शिक्षा की गुणवत्ता के बलबूते पर विकसित और प्रबल बन चुके हैं। यूनेस्को ने अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2026 की आधिकारिक थीम है "शिक्षा को मिलकर बनाने में युवाओं की शक्ति" घोषित की हैं। देश में नई शिक्षा प्रणाली और कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है, ताकि युवाओं के सपनों को ऊंची उड़ान मिल सकें। फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्तमान कार्यबल के लगभग 39 प्रतिशत के कौशल साल 2030 तक अप्रचलित अर्थात पुराने हो जाने की प्रबल संभावना हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, सिर्फ़ 54.8 प्रतिशत भारतीय युवा ही नौकरी के काबिल माने जाते हैं, और कई लोगों में कार्यस्थल पर सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल दक्षता, अनुकूलनक्षमता और सॉफ्ट स्किल्स की कमी हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो डेटा के मुताबिक, 2022 में भारत में गिरफ्तार हुए सभी नाबालिगों में से लगभग आधे 49.5 प्रतिशत हिंसक अपराधों में शामिल थे, यह 2016 के 32.5 प्रतिशत के मुकाबले बहुत ज़्यादा बढ़ोतरी है। राष्ट्रीय बाल अपराध दर 2022 में प्रति लाख बच्चों पर 6.9 से थोड़ा बढ़कर 2023 में 7.1 हो गया। दिल्ली में बच्चों में सबसे ज़्यादा अपराध दर, प्रति लाख बच्चों की आबादी पर 41.1 दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय औसत से बहुत ज़्यादा हैं। मानसिक तनाव की समस्या तेजी से बढ़ी है, देश के युवाओं में यह समस्या लगातार बढ़ रही है, बढ़ते तनाव, चिंता और अवसाद के साथ-साथ आसानी से मिलने वाले मानसिक सहयोग की कमी और लगातार सोशल स्टिग्मा की वजह से युवा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रहे हैं। साल 2020-22 में, भारत में 15-29 साल के लोगों में आत्महत्या की वजह से 60,700 से ज़्यादा मौतें हुईं, जो दुनिया में सबसे ज़्यादा हैं। शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी बढ़ रही है क्योंकि पढ़ाई और नौकरी मार्केट की ज़रूरतों के बीच कौशल का मेल नहीं है, जबकि कई लोग कम फ़ायदों वाली, छोटे पद या जोखीमभरी नौकरियों में काम करने को मजबूर हैं। आज भी किसी सरकारी दफ्तर में चपरासी के पद के लिए पदभर्ती के विज्ञापन आने पर हजारो उच्च शिक्षित युवा उस चपरासी के पद के लिए आवेदन करते हैं। दोस्तों के दबाव और तनाव या मौजमस्ती के कारण युवाओं के नशे की लत के जाल में फंसने की संभावना बहुत अधिक बढ़ रही है और उनके उपचार, पुनर्वसन, साधनसंपन्न सुविधा केंद्रों की कमी इस समस्या को अधिक खराब कर रही हैं।

कैग रिपोर्ट 2025 अनुसार, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में भारी गड़बड़िया मिली है, इस योजना के अंतर्गत 56.14 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी गई, उसमे से केवल 23.18 लाख युवाओं को रोजगार मिला, जबकि 32.96 लाख युवा अर्थात 58.71 प्रतिशत युवा कौशल विकास योजना का




लाभ लेकर भी बेरोजगार ही रह गए हैं। इसमें 13.33 प्रतिशत युवा उम्मीदवार कौशल के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता भी पूरी नहीं कर पा रहे थे। 94.53 प्रतिशत मामलों में बैंक अकाउंट डिटेल्स खाली थी, 94 प्रतिशत से ज्यादा बैंक खातों की वैध जानकारी नहीं थी, इस कारण 34 लाख युवाओं को 500 रुपये का रिवॉर्ड भी नहीं मिला। इस योजना में एक ही स्थान के प्रशिक्षण के फोटो का इस्तेमाल अनेक राज्यों में हो रहा था, अनेक ट्रेनिंग सेंटर असल में बंद थे, लेकिन सेंटर कागजों पर चल रहे थे। अधिकतम युवा उम्मीदवारों की ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भी फेक दिए गए थे। इस योजना के अंतर्गत 2015 से 2024 के बीच कुल 9261 करोड़ रुपया खर्च किया गया है, लक्ष्य 1.32 करोड़ युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देना था और 1.1 को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ कागजों पर, लेकिन कैग ने इसे आंकड़ों का खेल बताया।देश में लगातार बढ़ती आर्थिक विषमता समाज में एक बड़ी खाई का निर्माण कर रही है, इससे विकास कार्य में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट यूथ पल्स 2026 : बदलती दुनिया के लिए अगली पीढ़ी की सोच के निष्कर्ष अनुसार, 48.2 प्रतिशत ने बढ़ती आर्थिक विषमता को सबसे बड़ा संकट बताया हैं। इस सर्वेक्षण में 144 देश शामिल हुए। 57 प्रतिशत युवाओं ने वित्तीय चिंताओं को तनाव का प्रमुख कारण बताया हैं। 57.2 प्रतिशत युवाओं ने रोजगार निर्माण या उपलब्धता को प्राथमिकता दी है, जबकि 46.1 प्रतिशत युवाओं ने सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता को जरुरत माना हैं। देश में बेरोजगारी का आलम तो हम सभी जानते ही है, लेकिन दशकों तक रिक्त पदों पर नई भर्ती न करना व्यवस्था या कार्यप्रणाली को कमजोर बना देती हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र राज्य के राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में स्वीकृत प्रोफेसर पद 258 है, इसमें से वर्तमान में कार्यरत केवल 86 है, बाकि 66 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए है, जिसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता हैं। यह सिर्फ एक विश्वविद्यालय की ही नहीं, अपितु संपूर्ण महाराष्ट्र राज्य में यही परिस्थिति है, देश के कुछ अन्य राज्यों के हालात भी कुछ अलग नहीं हैं। कई राज्यों में शिक्षा विभाग की स्थिति काफी भयावह हैं। कई राज्यों में शिक्षा विभाग के घोटाले अक्सर सुनाई देते है, भ्रष्टाचार, परीक्षा पर्चा लिक, जाली दस्तावेज, नकली भर्ती, परीक्षा में डमी परीक्षार्थी, नकली पदवी खरीद मामला जैसे अनेक मामले दिनोंदिन उजागर होते रहते हैं। इन सब के कारण शिक्षा जैसे पवित्र पेशे को कालिख पोत दी जाती है, और नुकसान देश के वर्तमान व आनेवाली पीढ़ी को भुगतना पड़ता हैं। देश के निजी शिक्षा संस्थान और अनेक राज्यों के सरकारी विद्यालयों, संस्थानों के बिच बहुत बड़ा अंतर है, जो समय के साथ तेजी से बढ़ता ही जा रहा हैं। पिछले दशक (लगभग 2014-2024) में भारत में लगभग 90,000 सरकारी स्कूल बंद हो चुके है और इस दौरान भारत में प्राइवेट स्कूलों की संख्या में लगभग 42,944 की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, ऐसा सरकारी आंकड़े और यूनेस्को की रिपोर्ट बताती हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और योग्यतानुसार रोजगार या व्यवसाय उपलब्धता ये तीन बाते मनुष्य को सहज उपलब्ध होनी चाहिए।

इसमें कभी भी भेदभाव या आर्थिक विषमता रूकावट नहीं होनी चाहिए। देखा जाए तो देश का पूरा भविष्य उस देश की शिक्षा निति और उसकी गुणवत्ता पर निर्भर करती हैं। अच्छी शिक्षा समाज और देश के प्रत्येक क्षेत्र में काबिल और जिम्मेदार कर्तृत्वशैली युक्त प्रभावी युवा शक्ति का निर्माण करती हैं। शिक्षा से संस्कार, ज्ञान, कौशल और सुजान नागरिक बनकर व्यक्ति देश और विश्व में पथप्रदर्शित करते हैं। विकसित देशों का उदाहरण हमारे सामने है, ओलंपिक जैसे विश्व स्तरीय खेलों में छोटे - छोटे देश पदक तालिका में ऊपर होते हैं। जो देश उन्नत हुए, वे अपने मजबूत और कौशल्यपूर्ण शिक्षा प्रणाली के बलबूते पर। आनेवाला कल भी उसी देश का उज्जवल होगा, जो शिक्षा के गुणवत्ता को समझेगा।

# राज्य सरकार उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध : मंत्री दयाल दास बघेल

रायपुर, 23 जनवरी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज राजधानी रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विषय पर आगामी माह के 21 और 22 फरवरी को आयोजित होने वाले क्षेत्रीय सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रस्तावित क्षेत्रीय सम्मेलन की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं समन्वित रूप से पूर्ण करने निर्देश दिए।



मंत्री श्री बघेल ने बैठक में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, उपभोक्ता हितों की सुरक्षा तथा राज्य में उपभोक्ता आयोगों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बैठक में बेमेतरा जिला उपभोक्ता आयोग के उद्घाटन, रायपुर जिला उपभोक्ता आयोग में अतिरिक्त पीठ की स्थापना, उपभोक्ता जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों तथा आयोगों के आधारभूत ढांचे एवं सुविधाओं के विकास की जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पर आधारित क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन पहली बार रायपुर में किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय उपभोक्ता मामले विभाग, राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यगण सहित आठ राज्यों के उपभोक्ता आयोगों एवं उनके जिला आयोगों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

बैठक में न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरड़िया, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग, श्रीमती रीना बाबासाहेब कांगले, सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्री श्रीनिवास तिवारी, रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग तथा श्री भगवत जायसवाल, उप सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग उपस्थित थे।

## एक नजर

### विशेषज्ञों के बिना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोलना बस्तर की जनता के साथ धोखा : जावेद खान

**जगदलपुर 23जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने बस्तर संभाग के एकमात्र बहुप्रतीक्षित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को बिना पर्याप्त विशेषज्ञ डॉक्टरों के शुरू करने की तैयारी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे बस्तर की उम्मीदों पर ग्रहण बताते हुए राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जावेद खान ने कहा कि प्रमुख दैनिक अखबारों में प्रकाशित खबरों से यह सामने आया है कि निजी संस्था कांटिनेंटल द्वारा संचालित किए जाने वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को अव्यवस्था और विशेषज्ञों के अभाव में शुरू करने की तैयारी की जा रही है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल राज्य सरकार एवं एनएमडीसी के सहयोग से इसलिए बनाया गया था ताकि बस्तर सहित आसपास के राज्यों के मरीजों को हृदय रोग, किडनी, कैंसर, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज एक ही छत के नीचे मिल सके और उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। जावेद खान ने कहा कि खबरों के मुताबिक अस्पताल की शुरुआत केवल न्यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ओपीडी से की जा रही है, जबकि अन्य सुपर स्पेशलिटी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति ही नहीं की गई है। ऐसे में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को महज रिफर सेंटर बनाकर छोड़ देना बस्तर की जनता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने भाजपा सरकार को निजीकरण की जनक बताते हुए कहा कि बस्तरवासियों के स्वास्थ्य को निजी हाथों में सौंपकर सरकार स्वयं मूकदर्शक बनी हुई है। जावेद खान ने स्वास्थ्य मंत्री, बस्तर सांसद, जगदलपुर विधायक एवं महापौर से सवाल किया कि उनके रहते हुए शासकीय धन से बने इस महत्वपूर्ण अस्पताल के साथ ऐसा खिलवाड़ कैसे होने दिया जा रहा है। युवा कांग्रेस प्रवक्ता ने मांग की है कि राज्य सरकार अखबारों में प्रकाशित खबरों का तत्काल संज्ञान ले और कांटिनेंटल संस्थान से जवाब-तलब करे। यदि संस्था संपूर्ण सुविधाओं एवं सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ अस्पताल शुरू करने में असमर्थ रहती है, तो उसके साथ किया गया अनुबंध समाप्त कर अस्पताल का संचालन उससे छीना जाए तथा संस्था को ब्लैकलिस्ट किया जाए।



### मोटरसाइकिल चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार!



**जगदलपुर 23जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई कुल 05 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई थाना बोधघाट एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिले में आपराधिक गतिविधियों पर लगातार अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बोधघाट क्षेत्र में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। ज्ञात हो कि प्रार्थी आकाश नाग ने थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने रात्रि में साकेत कॉलोनी स्थित उसके घर के सामने से चोरी कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल की तकनीकी सहायता से संदेह के आधार पर तीतीरगांव निवासी रितेश पांडे पिता ज्ञानचंद पांडे (22 वर्ष) एवं कृष्णा बघेल उर्फ कोंदा पिता सोमसिंग बघेल (25 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पैसों की लालच में आकर विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने ग्राम तीतीरगांव, पावर हाउस चौक जगदलपुर एवं झंकार टॉकीज के पास से कुल 05 मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की तथा चोरी के वाहनों को एफसीआई गोदाम के सामने गोबर मिल के खंडहर में छुपाकर रखना बताया। आरोपियों की निशानदेही पर सभी चोरी की मोटरसाइकिलें विधिवत जप्त की गईं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना बोधघाट एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम के पुलिस अधिकारी एवं जवानों की सराहनीय भूमिका रही। बस्तर पुलिस द्वारा आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

# डेरी गड़ाई रस्म के साथ फागुन मंडई का आगाज

**आज शाम निकाली जाएगी माईजी की छत्र, आम बौर का मुकुट बनाकर माईजी को पहनाया जाएगा**





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 23 जनवरी।** शुक्रवार सुबह माई दंतेश्वरी मंदिर के प्रवेश द्वार पर डेरी गड़ाई रस्म अदायगी हुई। डेरी गड़ाई रस्म के साथ ही ग्यारह दिनों तक चलने वाला दक्षिण बस्तर का प्रसिद्ध फागुन मंडई का आगाज भी आज से हो गया। डेरी गड़ाई रस्म को देखने सुबह मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी।

बसंत पंचमी के अवसर पर परंपरानुसार आज सुबह 10 बजे गरूढ़ स्तंभ के सम्मुख पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद त्रिशुल खम्ब को स्थापित किया गया। इस रस्म को डेरी गड़ाई रस्म कहा जाता है। डेरी गड़ाई विधान में ढाई सौ साल पुराने अष्टधातुओं से निर्मित ऐतिहासिक त्रिशूल खम्ब को मंदिर के सामने स्थापित किया गया इसके साथ ही बस्तर की विश्व प्रसिद्ध फागुन मंडई की शुरूआत भी आज से हो गई है। इस रस्म के दौरान मंदिर के पुजारी गिरिश जिया की उपस्थिति में मंदिर के प्रवेश द्वार के सम्मुख पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर त्रिशुल लगे लकड़ी के खम्ब को स्थापित किया गया। यह रस्म 12 लंकवार (गायता, सेठिया, पेरमा, समरथ, कतियार, चालकी, भोगिहार, पडिहार, माधुरी, तुडपा, बोडका, लाठुरा) की उपस्थिति में किया जाता है। त्रिशुल खम्ब गाड़ने से पूर्व उक्त स्थल की पूजा अर्चना की गई। तदोपरांत खोदे गए गढढे में डेरी गाड़ने की रस्म अदायगी की गई। आज शाम 4 बजे मंदिर से माईजी के छत्र व लाठ निकाली जाएगी। छत्र को नगर के मुख्य चौराहे पर लाकर रखा जाएगा जहां माईजी की छत्र को जवानों द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी जाएगी उसके उपरांत छत्र पर आम का बौर का मुकुट बनाकर पहनाया जाएगा। इस रस्म को आमा माउड रस्म के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान समस्त व्यापारी व नागरिकगणों द्वारा छत्र पर बौर चढ़ाकर पजा अर्चना किये जाने की परंपरा है। आमा बौर पूजा व डेढ़ी गड़ाई के साथ माघ शुक्ल पक्ष से फागुन पुर्णिमा तक चलने वाली दक्षिण बस्तर की विश्व प्रसिद्ध फागुन मंडई का आजाग हो चुका है। टेंपल कमेटी से मिली जानकारी अनुसार इस वर्ष फागुन मेला 22 फरवरी 2026 से 05 मार्च 2026 तक चलेगा। डेरी गड़ाई रस्म के दौरान जिया परिवार से लोकेंद्र नाथ जिया, परमेश्वर नाथ जिया, शैलेंद्र नाथ जिया, गिरिश नाथ जिया, मंदिर से जुड़े त्रिनाथ पटेल, मुकुन्द ठाकुर, सुखराम नाग, बंशी, धनसिंग ठाकुर, धनीराम, शिवचंद समेत मंदिर के सभी सेवादार, मांझी, चालकी उपस्थित थे।

### ढाई सौ साल पुराना है त्रिशुल



फागुन मेला के लिए स्थापित होने वाला तांबे का विशेष त्रिशुल ढाई सौ साल से ज्यादा पुराना है। मंदिर के पुजारी हरेंद्रनाथ जिया के मुताबिक महाराजा भैरमदेव ने राजस्थान के जयपुर से इसे मंगवाया था। तब से यही त्रिशूल स्थापित होता आ रहा है। त्रिशूल को देवी सती का प्रतीक माना गया है। लकड़ी के स्तंभ के सहारे इसे लगाया गया जाता है। हर साल इस त्रिशूल को बसंत पंचमी से फागुन मेला तक सामने स्थापित कर रखा जाता है, इसके बाद उतारकर मंदिर में सुरक्षित रख दिया जाता है।

# बड़ांजी की महिलाओं ने 36 पारंपरिक व्यंजनों के साथ जीता प्रथम स्थान



■ अब जिला स्तर पर बिखेरेंगी जायके की खुशबू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 23 जनवरी।** बस्तर की माटी की सोंधी खुशबू और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एक बार फिर चर्चा में है। पिछले दिनों धाराउर में आयोजित लोहंडीगुड़ा विकासखंड स्तरीय बस्तर पण्डुम पूरी तरह से बस्तरिया लोक-संस्कृति और पारंपरिक खान-पान के रंगों में रंगा नजर आया। इस आयोजन का आकर्षण बड़ांजी की महिलाओं का वह दल भी रहा, जिसने अपनी पाककला के अदभुत प्रदर्शन से न केवल निर्णायकों का दिल जीता, बल्कि प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में बड़ांजी की महिलाओं ने बस्तर के खान-पान की विविधता को एक ही मंच पर उतार दिया। उन्होंने एक या दो नहीं बल्कि पूरे 36 प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। उनकी थाली में सेहत और स्वाद का बेजोड़ संगम देखने को मिला, जिसमें मुख्य रूप से बस्तर की पहचान माने जाने वाले मंडिया पेज और कोदो भात शामिल थे। इसके साथ ही स्वाद को बढ़ाने के लिए बस्तर की मशहूर चापड़ा चटनी और केउ कंद से बनी केउ चटनी ने आगंतुकों को उंगलियां चाटने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा पारंपरिक आमट और पौष्टिक मुनगा भाजी जैसे व्यंजनों ने यह साबित कर दिया कि बस्तर का भोजन अपने जायके के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी खजाना है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे बड़ांजी की मातृशक्ति का कठोर परिश्रम और अपनी जड़ों के प्रति प्रेम है। टीम में शामिल कोयली मंडन, कमली बघेल, सुकरी मंडावी, चम्पा कश्यप, निरबती और चंद्रकांती ने मिलकर इन 36 व्यंजनों को तैयार किया। इन महिलाओं ने यह दिखा दिया कि आधुनिकता के दौर में भी वे अपनी रसोइयों में बस्तर की सदियों पुरानी परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। विकासखंड स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने और प्रथम पुरस्कार जीतने के बाद अब इन महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। यह विजेता टीम अब जगदलपुर में आयोजित होने वाले आगामी जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम में अपने हुनर का प्रदर्शन करेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि जिस तरह धाराउर में इन्होंने अपने 36 व्यंजनों का जादू चलाया, वैसा ही स्वाद और बस्तरिया संस्कृति का गर्व वे जगदलपुर के मंच पर भी प्रस्तुत करेंगी।

# एनएमडीसी व सरकार की मिलीभगत से बस्तर के लोगों के साथ किया जा रहा धोखा:रेखचंद जैन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 23 जनवरी।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज गुरूवार को एनएमडीसी स्टील प्लांट की वादा खिलाफी को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि एनएमडीसी और सरकार की मिली भगत से बस्तर के लोगों के साथ खुला धोखा किया जा रहा है। हम बस्तर के लोगों के हक़, रोज़गार, ज़मीन, पानी के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

उन्होने बताया कि एनएमडीसी स्टील प्लांट की वादा खिलाफी के विरूद्ध आज के धरना प्रदर्शन में हमारी प्रमुख मांगों में 1. एनएमडीसी का निजीकरण तुरंत रोका जावे, बस्तरवासियों को नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जावे, 2. एफएसएनए प्रा. लि. को दिए गए 300 करोड़ के संदिग्ध टेंडर की उच्चस्तरीय जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई हो, 3. प्रभावित गांवों को सीएसआर मद से पानी, बिजली, सड़क और विकास कार्यों के लिए राशि आबंटित की जाए, 4.हवा, ध्वनि और काले ज़हरीले पानी से फैल रहे प्रदूषण पर तत्काल रोक लगे, 5. प्रभावित ग्रामीणों को मुफ्त इलाज मिले, कोपागुड़ा में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोला जाए, 6. प्रभावित ग्रामीणों को मुफ्त इलाज मिले, कोपागुड़ा में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोला जाए, 7. बस्तर के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए आवासीय स्कूल अनिवार्य रूप से खोले जाएं, 8. आईटीआई और स्किल ट्रेनिंग से युवाओं को रोज़गार दिया जाए , ठेका प्रथा खत्म हो, 9. खेल अकादमी के लिए 50 एकड़ ज़मीन आरक्षित कर स्टेडियम बनाया जाए, 10. किसानों की बर्बाद होती फसल और ज़मीन का मुआवज़ा तुरंत दिया जाए, 11. नगरनारङ्कजगदलपुर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट और मरम्मत हो, 12. हर माह समन्वय समिति की बैठक अनिवार्य हो, गांवों को मेलों और विकास कार्यों के लिए अनुदान मिले, 13 . स्थानीय लोगों को वेंडर शिप दिया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड के पंजीयन के लिए वरिष्ठ नागरिकों को दोबारा करवाना होगा ई-केवाईसी

**कांकेर, 23 जनवरी।** जिले के 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है उन्हें भी दोबारा पंजीयन ई-केवाईसी करवाने की आवश्यकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन करवाने के लिए आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। वर्तमान में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पताल एवं च्वाइस सेंटरों में किया जा रहा है। जिले को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन के लिए 20323 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से 14,754 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिकों से अपील किया है कि अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल अथवा च्वाइस सेंटर में जाकर अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवा लेवे तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के समस्त वरिष्ठ नागरिकों जिसमें एपीएल एवं बीपीएल श्रेणी शामिल है, को प्रति वर्ष 05 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार का प्रावधान है।

### जिला पंचायत स्थायी समितियों की बैठकों में लापरवाही

# सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को दी अनुशासनात्मक कार्यवाही की नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 23 जनवरी।** जिला पंचायत बस्तर में स्थायी समितियों की बैठकों को लेकर बरती जा रही उदासीनता पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने नोटिस जारी करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा है कि भविष्य में कार्य में कोताही बरतने पर सीधे अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जिला पंचायत कार्यालय द्वारा नवंबर 2025 में ही निर्देश दिए गए थे कि पंचायतीराज अधिनियम 1994 के नियमों के तहत स्थायी समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। लेकिन संज्ञान में यह बात आई कि संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो हर महीने बैठकें बुलाई जा रही हैं और न ही बैठकों की जानकारी कार्यालय को भेजी जा रही है, जिसे सीईओ ने प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से जारी किए गए इस स्मरण-पत्र में अब बैठकों के लिए एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित कर दी है। नए निर्देशों के अनुसार अब हर महीने की 15 तारीख तक स्थायी समितियों की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करनी होगी। इसके पश्चात, बैठक का पूरा विवरण और कार्यवाही प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में हर महीने की 25 तारीख तक जिला पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

उक्त संबध में वन, शिक्षा, कृषि, संचार, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य सभी प्रमुख स्थायी समितियों के सचिवों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि यदि भविष्य में बैठकों के आयोजन में लापरवाही की पुनरावृत्ति हुई या शिकायत मिली, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। साथ ही जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने स्तर पर स्थायी समितियों की नियमित बैठकें आहूत कर जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 29 से 31 जनवरी तक रायपुर में

**कांकेर, 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29 से 31 जनवरी तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15 हजार पदों पर चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए कांकेर जिले के लगभग 1710 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका हैं, इन आवेदकों का साक्षात्कार 31 जनवरी दिन शनिवार को निर्धारित हैं। मेला में सहभागिता के लिए इच्छुक प्रतिभागी जो अपना पंजीयन करना चाहतें हैं।

**रामलला प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव पर नगर में हुए विविध धार्मिक आयोजन**

# हनुमान मंदिर, पर्णकुटि राम मंदिर स्थल एवं सुरभि कालोनी स्थित शिव मंदिरों में दिन भर चलता रहा पूजा-पाठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 23 जनवरी।** सनातनियों के आराध्य देव मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम लला के अयोध्या में बाल स्वरूप के प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ मां दंतेश्वरी की पावन नगरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर नगर के संकट मोचन हनुमानजी मंदिर, राम मंदिर एवं शिव मंदिरों में विभिन्न अनुष्ठान संपन्न किए गए। शाम को भक्तों को भण्डारा प्रसाद वितरण किया गया। भक्तिपूर्ण माहौल में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शाामिल शामिल हुए।

गौरतलब है कि अयोध्या में भव्य विराट राम मंदिर बनने के बाद 22 जनवरी 2024 को राम लाला के बाल्यकाल की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना शुभ मुहूर्त में वैदिक पूजा पद्धति एवं हजारों साधु संतों, तपस्वीयों की उपस्थिति में की गई थी। राम लला के स्थापना के द्वितीय वर्षगांठ पर नगर के अलग अलग मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बस स्टेंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में जहां उत्तर कांड पाठ का आयोजन हुआ तो वहीं डंकनी नदी पट पर राम मंदिर के लिए प्रस्तावित स्थल पूर्णकुटि राम मंदिर में भी संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। सुबह कलश पूजा उपरांत अलग अलग समितियों द्वारा राममायण पाठ का संगीतमय वाचन को सुनने बड़ी तादात में भक्त उपस्थित हुए थे। इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों में अपने आराध्य देव श्रीराम, हनुमानजी की पूजा अर्चना भी करती रही। आंवराभाटा सुरभि कालोनी स्थत शिव मंदिर में भी कालोनीवासियों द्वारा इस सुअवसर पर पाठ का आयोजन किया गया था। दिन भर मंदिरों में भक्तिमय माहौल के बीच पूजा पाठ, हवन आरती आदि होता रहा। आयोजनकर्ताओं द्वारा भण्डारा प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी शाम को बड़ी संख्या में भक्त प्रसाद पाने मंदिर परिसर स्थलों में उमड़े थे। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामभक्तों ने अपने अपने घरों में 5 दिये जलाकर घर आंगन को रोशन किया। इस अवसर पर कई जगहों पर भक्तों ने भव्य आतिशबाजी कर रामलला के जयकारे लगाए और खुशिंया मनाई।

# एलबीएसएनएए निदेशक ने नागरिक सुविधाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली का लिया जायजा

## कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा की, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 जनवरी।** मसूरी स्थित प्रतिष्ठित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के निदेशक श्रीराम तरानिकांति आज रायगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने शहर की प्रमुख नागरिक व्यवस्थाओं का स्थलीय अवलोकन किया और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत को परखा।

दौरे के दौरान तरानिकांति ने रायगढ़ शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, साफ-सफाई, ट्रैफिक प्रबंधन तथा नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने शहरी प्रबंधन में नवाचार, संसाधनों के बेहतर उपयोग और नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

इसके पश्चात जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में प्रशासनिक एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, जिला वन मंडलाधिकारी अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, डॉ. प्रियंका वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान एलबीएसएनएए निदेशक तरानिकांति ने अधिकारियों से विभागवार कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र की जनसंख्या, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई व्यवस्था, मानव संसाधन, ट्रैफिक प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने जिले के वन क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि, महिला एवं बाल कल्याण तथा अधोसंरचना विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी जानकारी ली।

तरानिकांति ने कहा कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, आपसी समन्वय एवं नवाचार आधारित प्रशासनिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर मिल सके।

---

**एक नजर**

## रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 से 31 तक

**रायगढ़, 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा आगामी 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार, रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा अधिसूचित लगभग 15 हजार रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने वाले नियोक्ताओं तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https://erojgar.cg.gov.in पर उपलब्ध है, जहाँ से अभ्यर्थी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित तिथि के अनुसार जिला रायगढ़ हेतु कुल 2870 पंजीकृत आवेदकों के लिए 31 जनवरी 2026 दिन शनिवार निर्धारित की गई है। पंजीकृत आवेदक निर्धारित तिथि को राज्य स्तरीय रोजगार मेले में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग लें सकते है।

> ■ 15 हजार से अधिक निजी क्षेत्र के पदों पर होगा साक्षात्कार

### नपं लैलूंगा में डीएमएफ मद से शासकीय कन्या हाई स्कूल का बनेगा नवीन भवन

रायगढ़, 23 जनवरी 2026/ नगर पंचायत लैलूंगा में शासकीय कन्या हाई स्कूल के लिए नवीन भवन निर्माण को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से 77 लाख 32 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से विद्यालय की अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी तथा छात्राओं को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

> ■ कलेक्टर ने 77.32 लाख रुपए की दी प्रशासकीय स्वीकृति

कलेक्टर चतुर्वेदी ने बताया कि नवीन भवन के निर्माण से वर्तमान में संचालित विद्यालय को पर्याप्त स्थान एवं सुविधाएं मिलेंगी। भवन में अतिरिक्त कक्षों के साथ विज्ञान प्रयोगशाला सहित आवश्यक शैक्षणिक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी, जिससे छात्राओं को अध्ययन के साथ-साथ प्रयोगात्मक शिक्षा का भी अवसर मिलेगा। इससे विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा और छात्राओं की उपस्थिति एवं निरंतरता में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नवीन भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयबद्ध पूर्णता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि छात्राओं को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंषानुरुप जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफमद के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। खनन प्रभावित क्षेत्रों में नियमों के अनुरूप राशि स्वीकृत कर अधोसंरचना विकास के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से जहां क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है, वहीं आम नागरिकों विशेषकर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।

---

**रोल आब्जर्वर सुनील जैन ने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया**

# विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य त्रुटिरहित स्वच्छ और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना

> ■ त्रुटिरहित मतदाता सूची के लिए दलों से सक्रिय सहयोग की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 जनवरी।** बिलासपुर संभाग आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सुनील जैन ने आज जिला कलेक्ट्रेट रायगढ़ के सभाकक्ष में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (अहर्ता तिथि 01.01.2026) के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संभाग आयुक्त जैन ने बताया कि रायगढ़ जिले में एक लोकसभा एवं चार विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 1217 मतदान केंद्रों पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य नियमानुसार एवं सतत रूप से किया जा रहा है। प्रारंभिक प्रकाशन के अनुसार जिले में कुल 8,33,681 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,14,389 पुरुष, 4,18,274 महिला तथा 18 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

संभागायुक्त ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में मृत्यु, स्थानांतरण, अनुपस्थित एवं अन्य कारणों से संबंधित प्रविष्टियों का शुद्धिकरण कार्य निरंतर जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 18,923 मृत्यु, 39,850 स्थानांतरण, 18,713 अनुपस्थित, 3,175 पूर्व से दर्ज तथा 327 अन्य कारणों से संबंधित प्रविष्टियाँ चिन्हांकित की गई हैं, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 21 जनवरी तक नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए कुल 6,283 दावे-आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं, जिनका विधिवत परीक्षण कर निराकरण की प्रक्रिया जारी है।

संभागायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया था। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा, जबकि 21 फरवरी 2026 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य त्रुटिरहित, स्वच्छ एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो। इस दिशा में निर्वाचन आयोग के साथ-साथ राजनीतिक दलों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्राप्त दावा-आपत्तियों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण हेतु प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में मनीष गांधी, इनोसेंट कुजूर, समय लाल, बनवारी लाल डहरे, आषीष शर्मा, गोपाल बापोड़िया, प्रिंकल दास, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा, संबंधित ईआरओ-एईआरओ उपस्थित रहे।

---

**समाचार संक्षेप**

## नगर में उल्लास मेला का आयोजन 26 जनवरी को

> ■ नव भारत साक्षरता कार्यक्रम से लाखों वयस्कों को मिल रहा नया आत्मविश्वास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 23 जनवरी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक ग्राम में उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायपुर द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उल्लास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के उन वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है। वर्ष 2023 से प्रारंभ इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत अब तक लगभग 10 लाख नवसाक्षर साक्षर हो चुके हैं, जिन्हें एनआईओएस के माध्यम से प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए हैं।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित उल्लास मेले में बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य साक्षरता एवं जीवन कौशल से जुड़े विविध स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों का निर्माण एवं संचालन नवसाक्षर, स्वयंसेवक एवं शिक्षार्थी स्वयं करेंगे, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। निर्देशानुसार मेला ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ उल्लास शपथ के साथ होगा। आवश्यकतानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फूड स्टॉल भी लगाए जा सकेंगे। ग्राम प्रभारी द्वारा स्टॉल संचालन की सभी तैयारियाँ पूर्व में सुनिश्चित की जाएंगी। यह उल्लास मेला केवल 26 जनवरी तक सीमित न रहकर आगामी राष्ट्रीय पर्वों, त्यौहारों एवं महत्वपूर्ण दिवसों पर भी आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया, टीवी, रेडियो एवं अन्य माध्यमों से किया जाएगा। आयोजन से संबंधित समस्त जानकारी 29 जनवरी तक निर्धारित गूगल फॉर्म में संकलित कर राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण कार्यालय को प्रेषित की जाएगी, जिससे असाक्षरों को साक्षर बनाने हेतु प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके।

---

**शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को**

# आधा घंटा पहले बंद होगा परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार

> ■ प्रथम पाली में 30 व द्वितीय पाली में 47 परीक्षा केंद्र
>
> ■ परीक्षा की तैयारी को लेकर केंद्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों की प्रथम ब्रिफिंग सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए रायगढ़ जिले में व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। जिले में प्रथम पाली के लिए 30 परीक्षा केंद्र तथा द्वितीय पाली के लिए 47 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ के 30 मिनट पूर्व बंद कर दिया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ होगी, जिसके लिए मुख्य द्वार प्रातः 9 बजे बंद कर दिया जाएगा। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 3 बजे से प्रारंभ होगी तथा मुख्य द्वार दोपहर 2.30 बजे बंद किया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे परीक्षा केंद्र में कम से कम दो घंटे पूर्व उपस्थित होकर समय से प्रवेश सुनिश्चित करें।

परीक्षा की तैयारियों के तहत व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षक क्रमांक 01 व 02 की प्रथम ब्रिफिंग आयोजित की गई। केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षक क्रमांक 02 की ब्रिफिंग समन्वय संस्था में संपन्न हुई, जबकि पर्यवेक्षक क्रमांक 01 की प्रथम ब्रिफिंग कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। ब्रिफिंग के दौरान परीक्षा केंद्रों पर गोपनीय सामग्री के परिवहन, सामग्री खोलने की प्रक्रिया, परीक्षार्थियों के प्रवेश, पुलिस द्वारा सुरक्षा जांच, परीक्षा संचालन के दौरान सावधानियाँ, परीक्षा उपरांत गोपनीय सामग्री की पैकिंग एवं सुरक्षित वापसी से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि परीक्षा का संचालन व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ किया जाए। किसी भी आपात स्थिति में जिला नोडल अधिकारी धनराज मरकाम, सहायक नोडल अधिकारी अथवा पुलिस नोडल अधिकारी सुशांतो बनर्जी को तत्काल सूचित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रथम ब्रिफिंग में जिला नोडल अधिकारी धनराज मरकाम, पुलिस नोडल अधिकारी सुशांतो बनर्जी, सहायक नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, बाबूलाल पटेल, निराकार पटेल, सभी पर्यवेक्षक क्रमांक 01 एवं उड़नदस्ता दल के सदस्य उपस्थित रहे।

---

## डे-केयर सेंटर व वृद्ध आश्रम में 31 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 23 जनवरी।** शासन की मंशानुरुप कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में वृद्धजनों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में डे केयर सेंटर, सियान गुड़ी जतन केंद्र परिसर, रायगढ़ एवं आशा निकेतन वृद्ध आश्रम, कौहाकुंडा रायगढ़ में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि मार्गदर्शन में शिविर में कुल 31 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 10 हितग्राहियों को मोतियाबिंद सर्जरी हेतु चिन्हांकित किया गया। आशा निकेतन वृद्ध आश्रम से 22 मरीज तथा डे केयर सेंटर सियान गुड़ी जतन केंद्र से 9 मरीज शिविर में शामिल हुए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. प्रदीप पटेल, अजय कुशराम, नर्सिंग ऑफिसर अंशु पांडे, सुशील जायसवाल एवं देवेंद्र प्रसाद सोनी द्वारा इन हितग्राहियों की जांच की गई तथा उन्हें स्वस्थ जीवन शैली, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं संतुलित आहार के संबंध में आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं हितग्राहियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ भी ली गई, जिसमें नशामुक्त जीवन अपनाने एवं समाज को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उग्रसेन पटेल एवं नवरतन सिंह बिंझवार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



---

## कुरूद में राइस मिल क्लस्टर गठन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 23 जनवरी।** कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनांक 21 जनवरी 2026 को कुरूद में राइस मिल उद्योग के समग्र एवं सतत विकास को गति देने के उद्देश्य से MSME–Cluster Development Programme (CDP) योजना अंतर्गत राइस मिल क्लस्टर के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (CFC) गठन संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कुरूद श्री नभ सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कुरूद राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के प्रमुख राइस मिलर्स ने सहभागिता की।

बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, धमतरी के प्रबंधक श्री प्रशांत चंद्राकर द्वारा MSME–CDP योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने योजना के उद्देश्यों, क्लस्टर आधारित विकास की अवधारणा, उपलब्ध शासकीय वित्तीय सहायता, तकनीकी उन्नयन, लागत में कमी, उत्पादन गुणवत्ता में सुधार तथा प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने जैसे लाभों पर प्रकाश डाला। साथ ही यह भी बताया गया कि क्लस्टर मॉडल के माध्यम से छोटे एवं मध्यम उद्योगों को साझा अधोसंरचना सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। बैठक के दौरान राइस मिलर्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता को ध्यान में रखते हुए Effluent Treatment Plant (ETP) एवं सोलर एनर्जी जैसी साझा सुविधाओं के विकास हेतु Special Purpose Vehicle (SPV) के माध्यम से ष्ट्स्रष्ट गठन पर सहमति व्यक्त की गई। मिलर्स ने योजना के प्रति सकारात्मक रुख अपनाते हुए क्लस्टर गठन में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी, नभ सिंह ने कहा कि MSME–CDP योजना के माध्यम से राइस मिल उद्योग को आधुनिक तकनीक, पर्यावरण अनुकूल ढांचे एवं बेहतर बाजार अवसर प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में कुरूद राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हितेन्द्र केला सहित क्षेत्र के समस्त प्रमुख राइस मिलर्स उपस्थित रहे। बैठक को राइस मिल उद्योग के संगठित एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

---

**स्वीप गतिविधियों के तहत महाविद्यालयों में**

# प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यार्थियों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 23 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार युवाओं में लोकतांत्रिक सहभागिता को सशक्त बनाने तथा उन्हें मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय, धरमजयगढ़ में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक अधिकारों एवं जिम्मेदारियों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं कुसमुरा कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग सहित विविध रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

जिले के नवीन शासकीय महाविद्यालय चपले में स्वीप प्रभारी राजेश कुमार लहरे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के निर्णय अनुसार कु. निर्मला साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कु. वर्षा पटेल को द्वितीय एवं कु. पल्लवी राना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रो. राजेश कुमार लहरे ने आयोजित जिला स्तरीय बैठक में प्राप्त समस्त दिशा-निर्देशों की जानकारी दी तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदाता पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया गया।

---

**स्वदेशी जागरण मंच के कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा**

# स्वदेशी वस्तुओं के ज्यादा उपयोग से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 23 जनवरी।** देश में निर्मित वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना तथा विदेश में उत्पादित वस्तुओं के अधिक उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा शामिल हुए। यह कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर मिश्रा ने स्वदेशी का महत्व समझाते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक देश में निर्मित वस्त्रों एवं उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और देश का धन देश में ही बना रहे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल एक आदत नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारा कर्तव्य है। कलेक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई सर्वोपरि है, इसे पूरी लगन और ईमानदारी से करना चाहिए। साथ ही बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार कार्य चुनने और जो भी कार्य करें, उसे पूरी मेहनत और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ करने की सलाह दी। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में आयोजित मासिक परीक्षा का अवलोकन किया तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन और बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रियल इस्पात एंड एनर्जी प्लांट हादसे के बाद किल्न क्रमांक- 1 सील,संचालन व मेंटेनेंस प्रतिबंधित

■ प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों एवं एसओपी का गंभीर उल्लंघन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 23 जनवरी।** बकुलाही स्थित मेसर्स रियल इस्पात एण्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कारखाना परिसर में गुरुवार को घटित भीषण औद्योगिक दुर्घटना के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर सख्त कदम उठाया गया है। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर कारखाना अधिनियम के तहत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं मेंटेनेंस सहित समस्त कार्यों पर तत्काल प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है।

सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा जारी आदेश के अनुसार 22 जनवरी को प्रातः लगभग 9.40 बजे किल्न क्रमांक-01 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के द्वितीय तल में कार्य के दौरान अचानक विस्फोट एवं गर्म ऐश की बौछार होने से 6 श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जब कि 5 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय डस्ट सेटलिंग चेंबर के भीतर लगभग 850 से 900 डिग्री सेल्सियस तापमान की गर्म ऐश को पोकिंग के माध्यम से नीचे गिराया जा रहा था।घटना की गंभीरता को देखते हुए सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, बलौदाबाजार द्वारा उप संचालकों एवं अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ कारखाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटनास्थल की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई ।इस दौरान कारखाना प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कारखाना प्रबंधन द्वारा एसओपी का पालन नहीं किया गया। किल्न का शटडाउन किए बिना श्रमिकों से अत्यंत जोखिमपूर्ण स्थिति में कार्य कराया गया। डस्ट सेटलिंग चेंबर के हाईड्रोलिक स्लाइड गेट को बंद नहीं किया गया, उचित वर्क परमिट जारी नहीं किया गया, नियमित रखरखाव का अभाव रहा तथा श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण और हीट रेसिस्टेंट एप्रन, सुरक्षा जूते, हेलमेट जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए। किल्न क्रमांक-01 में विनिर्माण प्रक्रिया एवं मेंटेनेंस कार्य इमिनेंट डेंजर की स्थिति में थे। जिसके चलते कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 40(2) के अंतर्गत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं समस्त मेंटेनेंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध तब तक प्रभावशील रहेगा, जब तक कारखाना प्रबंधन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते।आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान कारखाने में नियोजित समस्त श्रमिकों को देय वेतन एवं अन्य भत्तों का भुगतान निर्धारित तिथि में अनिवार्य रूप से किया जाए। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का कहना है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### कच्ची महुआ शराब की बिक्री करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ /बोरतलाव 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिना डिग्री की जहरीली कच्ची महुआ शराब बना कर बिक्री करने वाले आरोपी को बोरतलाव पुलिस को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिये गए है। इसी क्रम में 23 जनवरी को ग्राम अंडी में मंडई के मद्देनजर अवैध शराब पर रोक लगाने मुखबीर तैनात किया गया था, जो कि पुलिस द्वारा 21 जनवरी को ग्राम भ्रमण गस्त दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रामविलास सेवता ग्राम सोरीटोला अंडी में अपने घर के पास हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है, कि सूचना पर पुलिस स्टाफ की रेड कार्यवाही की गई । इस दौरान आरोपी के कब्जे से कच्ची देशी महुआ शराब 20 नग प्लास्टिक पोलिथिन कुल 05 बल्कलीटर व एक पीले कलर के जरिकेन में 05 बल्कलीटर कुल 10 बल्कलीटर लगभग कीमत 2000 रूपये को जप्त कर आरोपी रामविलास सेवता पिता श्रवण सेवता उम्र 38 साल निवासी सोरीटोला अंडी, थाना बोरतलाव के विरूद्ध धारा 34(2) आब0 एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया व आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया । इसके अतिरिक्त 03 असामाजिक तत्वो पर प्रतिबंधात्मक धाराओ में कार्यवाही की गई ।

### पूजा-पाठ के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई 23 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मां के इलाज और पूजा-पाठ के नाम पर ठगों द्वारा एक दुकानदार से लाखों रुपये और सोने के आभूषण ठग लिए है रात पीड़ित की रिपोर्ट पर छावनी थाने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है छावनी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी संजय अठवानी निवासी सदानी नगर सिंधी कॉलोनी स्टेशन रोड दुर्ग ने पुलिस को बताया कि धमधा नाका दुर्ग में उनकी संजय सायकल स्टोर्स÷ नाम से दुकान है करीब 15 दिन पहले दो व्यक्ति उनकी दुकान पर सायकल देखने के बहाने आए और बातचीत के दौरान उनका मोबाइल नंबर ले लिया उन्होंने अपना नाम राजू बताते हुए अपना मोबाइल नंबर भी दिया और बाद में संपर्क करने की बात कही 2-3 दिन बाद राजू ने फोन कर यह कहकर विश्वास में लिया कि उसे प्रार्थी की मां की तबीयत खराब होने की जानकारी है और पूजा-पाठ से इलाज कर ठीक किया जा सकता है जिस के लिए कुछ खर्च आएगा लगातार फोन पर बातचीत के बाद 16 जनवरी 2026 को राजू ने प्रार्थी को पावर हाउस फ्ल मार्केट के पास बुलाया वहां उसके साथ एक महिला भी थी इलाज के नाम पर देवी मां को चढ़ाने के लिए एक नारियल और 1100 रुपये लिए गए। इसके लिए घर के मंदिर में मां के पहने हुए सोने के आभूषण और चार लाख रुपये रखने होंगे जिन्हें 20 जनवरी 2026 को लाकर देना होगा तय दिन दोपहर करीब 2:30 बजे आरोपियों ने प्रार्थी को रेलवे स्टेशन पावर हाउस भिलाई के पास बुलाया। प्रार्थी अपनी कार सीजी 07 बीएस 0514 से वहां पहुंचा और मां के चार सोने के कंगन (प्रत्येक लगभग 15 ग्राम, कुल 60 ग्राम, अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये) तथा नकद 8,82,300 रुपये आरोपियों को सौंप दिए। आरोपियों ने शाम को घर आकर पूजा करने की बात कही, लेकिन वे नहीं आए। जब प्रार्थी ने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो फोन बंद मिला। इसके बाद ठगी का अहसास हुआ कुल मिलाकर 13,82,300 रुपये की ठगी की गई मामले की जानकारी परिजनों को देने के बाद प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### गणतंत्र दिवस समारोह में 17 राज्यों की झांकियों में

# कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी में जीवंत होगी जनजातीय वीरों की गाथा





**रायपुर, 23 जनवरी।** गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर निकलने वाली छत्तीसगढ़ की झांकी इस वर्ष देशवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है। स्वतंत्रता का मंत्र वंदे मातरम थीम पर आधारित यह झांकी जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की गौरवगाथा को भव्य रूप में प्रस्तुत करेगी।

रक्षा मंत्रालय द्वारा आज राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में आयोजित प्रेस प्रीव्यू के दौरान राष्ट्रीय मीडिया के समक्ष छत्तीसगढ़ की झांकी का प्रदर्शन किया गया। झांकी के माध्यम से उन अमर जनजातीय नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के अन्यायपूर्ण कानूनों के विरुद्ध संघर्ष किया और स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

इन महान बलिदानियों की स्मृति में नवा रायपुर अटल नगर में देश का पहला जनजातीय डिजिटल संग्रहालय स्थापित किया गया है, जहां छत्तीसगढ़ सहित देश के 14 प्रमुख जनजातीय स्वतंत्रता आंदोलनों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों के माध्यम से संरक्षित किया गया है। इस ऐतिहासिक संग्रहालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर किया था।

विशेषज्ञ समिति से अंतिम स्वीकृति प्राप्त होने के बाद जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कलाकारों ने बीते एक माह से दिन-रात परिश्रम कर झांकी को अंतिम रूप दिया है। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए 17 राज्यों की झांकियों का चयन किया गया है।

झांकी के अग्र भाग में वर्ष 1910 के ऐतिहासिक भूमकाल विद्रोह के नायक वीर गुंडाधुर को दर्शाया गया है। धुर्वा समाज के इस महानायक ने अन्याय के विरुद्ध जनजातीय समाज को एकजुट किया। भूमकाल विद्रोह के प्रतीक आम की टहनियां और सूखी मिर्च झांकी में विशेष रूप से प्रदर्शित हैं। विद्रोह की व्यापकता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजों को नागपुर से सेना बुलानी पड़ी, फिर भी वे वीर गुंडाधुर को पकड़ने में असफल रहे। झांकी के पृष्ठ भाग में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह को घोड़े पर सवार, हाथ में तलवार लिए दर्शाया गया है। उन्होंने अकाल के समय गरीबों और वंचितों के हित में संघर्ष किया तथा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। पूरी झांकी जनजातीय समाज के अदम्य साहस, देशभक्ति और स्वतंत्रता के प्रति अटूट संकल्प को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करती है।

# रायपुर साहित्य उत्सव राज्य की सांस्कृतिक पहचान को देगा नई मजबूती: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 23 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में रायपुर साहित्य उत्सव 2026 के एंथम सॉन्ग का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष डॉ. शशांक शर्मा ने मुख्यमंत्री को रायपुर साहित्य उत्सव के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर साहित्य उत्सव के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशभर के प्रबुद्ध साहित्यकारों, विचारकों और बुद्धिजीवियों का रायपुर में एकत्र होना अत्यंत सुखद और गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव न केवल साहित्यिक संवाद का सशक्त मंच बनेगा, बल्कि विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से आमजन को भी साहित्य से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हैं और नई पीढ़ी में साहित्य, भाषा और विचार के प्रति रुचि जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव श्री रवि मित्तल उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न : रायपुर, 23 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में शिक्षकों की कमी को गंभीरता से लेते हुए 5000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उक्त शिक्षक भर्ती व्यापमं के माध्यम से की जाए तथा इसके लिए फरवरी 2026 तक विज्ञापन जारी किया जाए।

## //शपथ-पत्र//

मैं उमेश सिंह ठाकुर पिता चंदन सिंह ठाकुर, आयु 47 वर्ष, ग्राम लंजोड़ा, तहसील-फरसगांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग. का निवासी हूं। मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम **कशिश ठाकुर** (KASHISH THAKUR) है, एवं उसकी वास्तविक सही जन्मतिथि 09/05/2008 है, जो कि उसके कक्षा 10 वीं की अंकसूची एवं उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।

मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 4907 5985 4239, में उसका नाम त्रुटिवश **कु. कशिश ठाकुर** (Ku. KASHISH THAKUR) एवं उसकी 01/01/2010 जन्मतिथि त्रुटिवश अंकित हो गया है।

मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 4907 5985 4239, में उसका वास्तविक सही नाम **कशिश ठाकुर** (KASHISH THAKUR) एवं उसकी वास्तविक सही जन्मतिथि 09/05/2008 अंकित करवाना चाहता हूँ।

यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 4907 5985 4239, में उसका वास्तविक सही नाम **कशिश ठाकुर** (KASHISH THAKUR) एवं उसकी वास्तविक सही जन्मतिथि **09/05/2008** अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**उमेशसिंह**
**शपथकर्ता**

# चार शराब तस्करों से 9 हजार की अवैध शराब जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 23 जनवरी।** थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल के नेतृत्व में डोंगरगढ़ पुलिस स्टाफद्वारा अवैध शराब बिक्री, परिवहन एवं तस्करी के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस को चार शराब तस्करों को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 21 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोनू निर्मलकर एवं मनीष साहू को ग्राम कटली कलकसा रोड, भैसरा मोड़ के पास हाई स्कूल के सामने घेराबंदी कर पकड़ा गया इस दौरान आरोपियों के कब्जे से 29 पाव देशी मसाला शराब व एक काले रंग की हीरो होंडा मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट) व आरोपी प्रकाश गोड़ को ग्राम खमतराई पथरा टोला मोड़ के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 12 पाव देशी प्लेन शराब, 20 पाव शोले देशी मसाला शराब व मोटरसाइकिल जप्त। आरोपी हेमलाल टंडन को ग्राम मेढ़ा से पटपर रोड ईट भट्ठी के पास पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब तथा मोटरसाइकिल जप्त कर चारो आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## //शपथ-पत्र//

मैं मनचित कोर्राम पिता रामनाथ कोर्राम, आयु 31 वर्ष, ग्राम चिचपोलंग, तहसील-कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग. का निवासी हूं। मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।

मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम **मीनाक्षी कोर्राम** (MINAKCHI KORRAM) है, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।

मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 4692 0862 0148, में उसका नाम त्रुटिवश गुडिया (GUDIYA) अंकित हो गया है।

मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 4692 0862 0148, में उसका वास्तविक सही नाम **मीनाक्षी कोर्राम** (MINAKCHI KORRAM) अंकित करवाना चाहता हूं।

यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 4692 0862 0148, में उसका वास्तविक सही नाम **मीनाक्षी कोर्राम** (MINAKCHI KORRAM) अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**मनचित**
**शपथकर्ता**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2333/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा-नेवरा दिनांक 22/01/26**

## ईश्तहार-सूचना

एतद द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विशाल अग्रवाल पिता केशरी लाल अग्रवाल वार्ड क्र. 03 पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री सुरेश कुमार तेजवानी पिता श्री ज्ञानचंद तेजवानी वार्ड क्र. 03 पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का शपथ पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क 03 में स्थित हैं नगर पालिका डिमाड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
(मुहर) **तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2325/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा-नेवरा दिनांक 22/01/26**

## ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति वर्मा पिता श्री जनकराम वर्मा वार्ड क्र. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री आकाश केशरवानी पिता श्री रविन्द्र केशरवानी वार्ड क्र. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
(मुहर) **तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2339/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा-नेवरा दिनांक 22/01/26**

## ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीम अंसारी पिता जुमराती अंसारी वार्ड क्र. 21 मिशन वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती रूखसाना परवीन पति अब्दुल रफीक वार्ड क्रं. 21 मिशन वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 21 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
(मुहर) **तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2337/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा-नेवरा दिनांक 22/01/26**

## ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शैल कुमारी वर्मा पिता स्व. श्री लतेल वर्मा वार्ड क्र. 17 बाल गंगाधर तिलक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती पुनिया बाई वर्मा पति स्व. श्री लतेल वर्मा वार्ड क्रं. 17 बाल गंगाधर तिलक वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का वसीयतनामा/ मृत्युदावा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 17 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
(मुहर) **तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2335/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा-नेवरा दिनांक 22/01/26**

## ईश्तहार-सूचना

एतद द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विमास वर्मा पिता स्व. श्री रामकुमार वर्मा वार्ड क्र. 17 बाल गंगाधर तिलक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती प्रमिला वर्मा पति स्व. श्री रामकुमार वर्मा वार्ड क्र. 17 बाल गंगाधर तिलक वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमती पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 17 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
(मुहर) **तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2329/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा-नेवरा दिनांक 22/01/26**

## ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रूपम राय पिता स्व. आर.के. राय वार्ड क्र. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती मनीषा राय पति स्व. आर. के. राय वार्ड क्रं. 04 गुरू घासीदास वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु वसीयत एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
(मुहर) **तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक 2331/न.पा./रा.वि./2025-26**
**तिल्दा-नेवरा दिनांक 22/01/26**

## ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रेमवती यदु पति श्री आत्माराम यदु वार्ड क्र. 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती मैनबती यदु पति श्री दसरू यदु वार्ड क्र. 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु वसीयत एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 02 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नही हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
(मुहर) **तिल्दा-नेवरा**

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 184070/निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि./2025-26** **दि. 21.01.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **11.02.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम-नारायणपुर जिले के विकासखंड नारायणपुर के साकरीबेड़ा एनीकट का निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत-रू. **253.70** लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(एस.ओ.आर. दिनांक **01.05.2025** से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक **08.08.2025**)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **28.01.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, नारायणपुर**
**कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.**

जी-252606217/6

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के कारीगरों को मिलेगा ई-कॉमर्स का लाभ

**रायपुर, 23 जनवरी।** अमेज़न इंडिया ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (सीजीएसआरएलएम) के तहत शुरू की गई राज्य सरकार की पहल, छत्तीसकला के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है, ताकि अमेज़न के कारीगर कार्यक्रम के ज़रिए राज्य के कारीगरों और शिल्पकारों को ई-कॉमर्स तक पहुंच बनाने में मदद की जा सके। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर रायपुर में आयोजित एक खरीदार-विक्रेता बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की प्रधान सचिव, निहारिका बारीक सिंह और सीजीएसआरएलएम के प्रबंध निदेशक, अश्विनी दीवानंगन, आईएएस की उपस्थिति में हुआ। यह समझौता पूरे भारत में बुनकरों, कारीगरों और छोटे व्यवसायों के लिए डिजिटल कॉमर्स को सुलभ बनाने के अमेज़न के प्रयास को मज़बूती प्रदान करेगा।

### पेड़ से लटकी मिली अज्ञात युवती की लाश

**रायपुर, 23 जनवरी।** राजधानी रायपुर के नरैया तालाब क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब मॉर्निंग वॉक पर निकले स्थानीय लोगों ने तालाब के पास एक पेड़ से अज्ञात युवती की लाश लटकी हुई देखी। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफ़रा-तफ़री मच गई और तत्काल पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतरवाया और आगे की कार्रवाई के लिए मर्चुरी भिजवाया। प्रारंभिक जांच में मृतका की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच आंकी जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। युवती के पास से कोई ऐसा दस्तावेज या पहचान संबंधी सामग्री बरामद नहीं हुई है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है और साथ ही सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल्स व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच भी कराई गई है। पुलिस आत्महत्या, हत्या अथवा किसी अन्य कारण से मौत की आशंका को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं पर गहन जांच कर रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### निधन

**सुधा तिवारी**



**रायपुर, 23 जनवरी।** ब्राह्मणपारा दुर्ग निवासी सुधा तिवारी धर्मपत्नी स्व. क्रांति कुमार तिवारी का स्वर्गवास आज हो गया है। अन्येष्टी हरना बाँधा मुक्ति धाम में की गई।

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 23 जनवरी। बसंत पंचमी पर आज मां सरस्वती की पूजा अर्चना उपरांत पंडितों ने बच्चों के अक्षर ज्ञान का श्रीगणेश किया।

## सीजीएमएससी घोटाला

# डायसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मार्केटिंग हेड शर्मा गिरफ्तार

**रायपुर, 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (एसीबी /ईओडब्ल्यू) ने 2023 में मेडिकल उपकरण और 'रिएजेंट केमिकल' की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि इन अनियमितताओं से राज्य के खजाने को 550 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि नवी मुंबई की 'डायसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के विपणन प्रमुख कुंजल शर्मा को बुधवार को गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि शर्मा को आज एसीबी /ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 27 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।



अधिकारियों ने बताया कि जांच में सामने आया कि शर्मा ने 'मोक्षित कॉरपोरेशन' को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कंपनी पॉलिसी को नजरअंदाज किया तथा शशांक चोपड़ा के साथ मिलकर 'रिएजेंट्स' और अन्य सामान के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से कहीं अधिक दरें एवं शर्तें छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) को अनधिकृत रूप से डायसिस कंपनी की ओर से प्रेषित किया जिसके बाद निविदा में सीजीएमएससी ने 'मोक्षित कॉर्पोरेशन' के मनमाने दर को मान्य कर लिया।उन्होंने बताया कि 'मोक्षित कॉर्पोरेशन' ने सीजीएमएससी को वास्तविक एमआरपी से तीन गुना तक अधिक कीमत पर 'रिएजेंट्स' और अन्य सामान की आपूर्ति की तथा अनुचित भुगतान प्राप्त किया है।

अधिकारियों ने बताया कि जनहित से जुड़ी हमर लैब योजना में सरकारी धनराशि के दुरुपयोग से संबंधित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय कर आगे भी संबंधितों के विरुद्ध कठोर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।इस मामले में इस हफ्ते की शुरुआत में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# शतरंज स्पर्धा में रायपुर विजेता



**रायपुर, 23 जनवरी।** गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय गांधी में आज राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें विजेता पुरुष वर्ग से रायपुर सेक्टर के उपविजेता दुर्ग सेक्टर के एवं महिला वर्ग से विजेता रायपुर सेक्टर व उपविजेता दुर्ग सेक्टर से रही।

ज्ञात हो कि इस दो दिवसीय राज्य स्तर प्रतियोगिता में संपूर्ण छत्तीसगढ़ के 11 सेक्टर से 132 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में हिस्सा लिए कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि अजय तिवारी, अध्यक्ष शासी निकाय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ देवाशीष मुखर्जी प्राचार्य महंत लक्ष्मी नारायण दास ने किया साथ ही विशेष रूप से सेवा निवृत पीके हरि सर, रामानंद यदु व विभिन्न महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मौजूद रहे इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यह जीत आपके लिए जीवन में एक नया उमंग भरेगा साथ ही हरने वाले खिलाड़ी एक नई सबक के साथ अपने जीवन में उन्नति के नए नियोजन करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे।

डॉ देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि सातवीं शताब्दी से भारत देश ने ही संपूर्ण विश्व को शतरंज का खेल प्रदान किया यह भारत देश से प्रारंभ होकर अरब देश होकर यूरोप से शतरंज के रूप में प्रसिद्ध हुई निर्णायकगण में मुख्य रूप से रोहित यादव ने अपनी भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन मनोज प्रधान सर ने की एवं कार्यक्रम में विशेष रूप से प्यारेलाल साहू, डॉ रिंकू तिवारी, तुलाराम एवं अन्य कीड़ा अधिकारी उपस्थित हुए

## राजिम महाविद्यालय के प्राचार्य सहित तीन सहायक प्राध्यापकों की बहाली

**रायपुर, 23 जनवरी।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा तथा सहायक प्राध्यापक मोहन लाल वर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक कु. मनीषा भोई के विरुद्ध शासन को की गई शिकायत का मामला पूरी तरह गलत निकला। इस मामले में शिकायत फर्जी पाई गई। शासन द्वारा जांच उपरांत इनके निलंबन को समाप्त कर इन्हें बहाल कर दिया गया। इनके मामले में फर्जी शिकायत करके शासन को गुमराह किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा समान खरीदी मामले में गलत जानकारी देकर भ्रांति फैलाई गई थी। वास्तविकता यह है, कि न तो सामग्री क्रय की गई और न ही भुगतान महाविद्यालय द्वारा किया गया। जिसे जांच समिति द्वारा जांच के उपरांत सामग्री क्रय नियम 2002 एवं जेम पोर्टल के अनुरूप पाया गया। जिसकी वजह से जांच समिति द्वारा प्राचार्य एवं तीन सहायक प्राध्यापकों के बहाली की अनुशंसा की गई। तदोपरांत शासन द्वारा इन्हें बहाल करने का आदेश दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री छाया राही ने फर्जी शिकारतकर्ता पर कार्यवाही की मांग की। उन्होंने बताया कि, प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा के कार्यकाल में महाविद्यालय लगातार विकास की ओर अग्रसर हुआ है उल्लेखनीय है कि इनके कार्यकाल में हिंदी एवं राजनीति विज्ञान विषय पर शोध केंद्र स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किया गया। निकट भविष्य में उक्त विषयों में शोध केंद्र खुलने की संभावना है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की अधोसरंचना संरक्षण, अनुसंधान के लिए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों व प्राध्यापकों को प्रेरित किया गया। छात्र छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए ई लाइब्रेरी, उत्कृष्ट शिक्षा, अनुशासन एवं हिंदी तथा राजनीति विज्ञान विषय पर शोध केंद्र की स्थापना का सफल प्रयास किया गया।

# फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर, 23 जनवरी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित द्वितीय फेडरेशन कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से कुल 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिन्होंने मुख्य प्रशिक्षक ललित जोगे के कुशल नेतृत्व में दमदार प्रदर्शन किया।



क्योरुगी जूनियर अंडर-52 किग्रा वर्ग में नियति बीर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले मुकाबले में गुजरात को 2-1 से पराजित किया। इसके बाद राजस्थान को 2-1 तथा पुनः गुजरात को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर अपना पदक सुनिश्चित किया। सेमीफाइनल में हरियाणा के विरुद्ध कड़े मुकाबले में पहले राउंड में 10-12 तथा दूसरे राउंड में 7-10 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन नियति बीर ने कांस्य पदक अपने नाम किया। साथ ही जूनियर रिकग्नाइज्ड इंडिविजुअल पूमसे वर्ग में उन्होंने 5.417 अंक प्राप्त कर पाँचवाँ स्थान हासिल किया।

वहीं सीनियर अंडर-58 किग्रा वर्ग में हर्षित अंबास्था ने भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश को 2-0, राजस्थान को 2-0, उत्तराखंड को 2-1 तथा गुजरात को पराजित करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में स्स्ष्टक्र के विरुद्ध पहले राउंड में 10-3 से जीत दर्ज की, जबकि दूसरे राउंड में 5-6 तथा तीसरे राउंड में 10-12 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद हर्षित अंबास्था ने कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया।

इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो एसोसिएशन के पदाधिकारियों अनिल राय प्रेसिडेंट , रवि शंकर धनगर सेक्रेटरी, अनिल पुसदकर, प्रमोद सिंह ठाकुर दिलीप विश्वकर्मा, राकेश प्रधान, उमेश ठाकुर, संजय शुक्ला, रूपेंद्र चौहान, वसुदेव, मोहन प्रताप एवं ललित जागे ने खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी।

# शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव, पुलिस ने खदेड़ा

**रायपुर, 23 जनवरी।** सहायक शिक्षक भर्ती शुरू करने की मांग को लेकर अनशनरत डीएड अभ्यर्थियों ने आज सुबह नया रायपुर में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के बंगले का घेराव किया। इसी बीच पुलिस वहां पहुंची, और डीएड अभ्यर्थियों को खदेड़ दिया। डीएड अभ्यर्थियों की पुलिस से झूमा झटकी भी हुई।

पुलिस उन्हें गाड़ियों में बलपूर्वक बिठाकर अलग-अलग जगहों पर छोड़ गई है। इसमें महिला अभ्यर्थी भी थीं।



# जैतू साव मठ में मनाई गई बसंत पंचमी



**रायपुर, 23 जनवरी।** राजधानी के श्री दूधाधारी मठ तथा पुरानी बस्ती स्थित श्री जैतू साव मठ में बसंत उत्सव का पर्व धूमधाम के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई,पुष्प वर्षा कर भगवान को गुलाल अर्पित किया गया। आरती संपन्न होने के पश्चात भगवान का स्तुति गान के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अपने संदेश में कहा कि - माघ शुक्ल पक्ष पंचमी का सनातन धर्म में विशेष महत्व है इस दिन माता सरस्वती की आराधना की जाती है, विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर पीला वस्त्र पहनाये जाते हैं।

बसंत पंचमी से लेकर रंग पंचमी तक एक माह तक बसंत उत्सव का पर्व श्री दूधाधारी मठ तथा इनसे संबंधित सभी संस्थानों में मनाने की परंपरा है जैतू साव मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य अजय तिवारी ने कहा कि - बसंत पंचमी का त्यौहार सनातन धर्म को मानने वाले सभी लोग श्रद्धा भक्ति पूर्वक मानते हैं। इससे मानव जीवन में सुख शांति एवं खुशहाली आती है।

इस विशेष अवसर पर नागा महाराज, दाऊ महेंद्र अग्रवाल, राम अवतार दास, राम मनोहर दास, राम शिरोमणि दास, पुजारी दीपक पाठक, सुमित तिवारी, कैलाश तिवारी, डॉक्टर राजेश तिवारी,राम प्रिय दास, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित मठ के सभी विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने किया शराब भट्ठी का विरोध

**रायपुर, 23 जनवरी।** ग्राम सरदा में प्रस्तावित शराब भट्ठी के विरोध में ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए।

उन्होंने ग्रामीणों एवं विशेष रूप से महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं और चिंताएं गंभीरता से सुनीं तथा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि ग्राम सरदा में प्रस्तावित शराब भट्ठी का स्थान अत्यंत अनुचित है, क्योंकि मात्र 300 मीटर की दूरी पर विद्यालय स्थित है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की गरिमा और सामाजिक वातावरण पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शराब भट्ठी यदि खोलनी ही है, तो उसे ग्राम एवं शहर की सीमा से बाहर खोला जाना चाहिए, न कि आबादी वाले क्षेत्र के समीप ग्रामीण महिलाओं ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि शराब भट्ठी गांव या शहर के पास खुलने से महिलाओं, बच्चों और पूरे सामाजिक माहौल पर बुरा असर पड़ता है।

महिलाओं ने एक स्वर में मांग की कि शराब भट्ठी को आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए। योगेश तिवारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेकर जिला प्रशासन तक पहुंचाएंगे।



**आयोजन** ऑटो एक्सपो को लेकर जबरदस्त उत्साह

# तीन दिनों में ऐतिहासिक 5000 वाहनों की बिक्री

**रायपुर, 23 जनवरी।** राजधानी रायपुर के राम बिजनेस पार्क में जारी मध्य भारत के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल मेले 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' में वाहनों की खरीदी को लेकर ग्राहकों में जबर्दस्त उत्साह दिख रहा है। रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ लेने के लिए प्रदेश ही नहीं पड़ोसी राज्यों से भी ग्राहक पहुंच रहे हैं। रोड टैक्स में छूट के साथ ही डीलर्स और कंपनियों के भी आकर्षक ऑफर ने बिक्री की गति तेज कर दी है। तीन दिनों में ऐतिहासिक 5000 हजारों वाहनों की बिक्री हो गई है।

**हर वाहन के स्टॉल पर उमड़ रही भीड़:** वाहन खरीदने के लिए राडा के एक्सपो के हर स्टॉल पर ग्राहकों की भीड़ पहुंच रही है। ग्राहक बाइक, कार, बस, ट्रक, जेसीबी, ट्रैक्टर समेत सभी वाहन एक ही जगह पर पसंद कर रहे हैं। एक तरफपैसेंजर व्हीकल डिस्प्ले किए गए हैं तो दूसरी तरह कमर्शियल व्हीकल की विस्तृत रेंज देखने को मिल रही है।



**तीन दिन में बिक्री का बना रिकॉर्डन्न** राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन और राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर पारवानी, फाडा के रिसर्च एंड एकेडमी के नेशनल चेयरमैन मनीष राज सिंघानिया, फाडा के पूर्व स्टेट चेयरमैन अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, शशांक शाह, फाडा के स्टेट चेयरमैन विवेक गर्ग ने बताया कि तीन दिनों में ही वाहनों की बिक्री का रिकॉर्ड बना है। 5 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री हुई है। इससे भारी उत्साह है।

### बाइक स्टंट शो का दिखा रोमांच

गुरुवार को ऑटो एक्सपो स्थल पर बाइक स्टंट शो का आयोजन किया गया। इसमें पेशेवर बाइक स्टंटबाजों ने अपने करतब से रोमांचित किया। इस शो को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। पूरी सेफ्टी के साथ स्टंट किया गया। इस दौरान राडा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# शनिवार अवकाश की मांग, 27 को 8 लाख बैंक कर्मचारी करेंगे हड़ताल



रायपुर, 23 जनवरी। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस लंबे समय से बैंकिंग क्षेत्र में सप्ताह में पांच कार्य दिवस लागू करने की मांग करता रहा है. इस मुद्दे पर अब यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा 27 जनवरी को हड़ताल का आह्वान किया गया है. इस यूनियन में बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की 9 यूनियनें शामिल हैं, जिसके 8 लाख कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे.

अखिल भारतीय बैंक अधिकारी महासंघ के सचिव वाई. गोपालकृष्णा और छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लॉयिज एसोसिएशन के महासचिव शिरीष नलगुंडवार ने इस संबंध में गुरुवार को प्रेसवार्ता की. उन्होंने बताया कि 2015 में हुए 10वें द्विपक्षीय समझौते में आईबीए और सरकार द्वारा यह सहमति बनी थी कि प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार अवकाश रहेंगे, जबकि अन्य शनिवार पूर्ण कार्य दिवस होंगे. उस समय यह आश्वासन दिया गया था कि शेष सभी शनिवार को अवकाश घोषित करने की हमारी मांग पर यथासमय विचार किया जाएगा, परंतु यह विषय लंबित ही रखा गया.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26